ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36
उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025
वर्ष 35, अंक 133, पृष्ठ 14+4
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12
जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

# जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

## संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

# राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

## लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्रासन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मणिपुर में कई जिलों में कर्फ्यू पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

## राज्य में एटी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके, झड़पों में 10 जख्मी

इंफाल, एजेंसी



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। ● एजेंसी

मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए और अब तक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के इंदिरानगर बी-ब्लॉक में हुई घटना, 15 वर्ष से थे डिप्रेशन में

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस मंगला प्रसाद मिश्रा के पुत्र सुधाकांत मिश्रा (59) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर के मुताबिक इंदिरानगर बी-ब्लॉक के निवासी सुधाकांत मिश्रा (59) सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। उनके बेटे कार्तिकेय मिश्र ने बताया कि 15 वर्ष से पिता डिप्रेशन में थे। इलाज चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने चले गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता सुधाकांत थे। देर रात घर लौटे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मां-बेटे ने कई आवाजें लगाईं, लेकिन जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांका तो सुधाकांत बिजली के केबल से बने फंदे के सहारे पंखे से लटक रहे थे। दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय ने उन्हें फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव घर लाने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक सुधाकांत चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पाठकों को सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर शनिवार (7 जून) को अयोध्या व लखनऊ कार्यालय बंद थे। अत: रविवार को छपने वाला "लोक दर्पण" आज के अंक के साथ दिया जा रहा है।

-संपादक

# 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।

# विपक्ष के नेता निर्वाचन आयोग को सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा जारी नहीं रख सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

# चलने-फिरने में लाचार माइलो अब फिर अपने पैरों पर दौड़ रहा

## रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन



**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।

अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

## एक नजर

### 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इससे गांवों में रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इसके अलावा साहूकारों व सूदखोरों के शोषण से किसानों को मुक्त कराया गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास व रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया। यह ऋण न केवल किसानों की कृषि गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण का भी मजबूत आधार बन रहा है।

### पांच देशों के 50 मेहमानों ने यूपी में की बोधि यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में, मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप संपन्न हुई, जिसमें आसियान के पांच देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के बौद्ध संबन्धित स्थलों का भ्रमण किया। 2 से 7 जून तक चली इस यात्रा पर आए दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा आदि प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था।

# फर्जी फर्मों के खिलाफ करें कार्रवाई

## योगी ने राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए अभियान चलाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● कम संग्रह वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट की तलब

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शेल कंपनियों और पंजीकृत फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि इस तरह के कृत्य व्यापारी बंधुओं की सुविधाओं में सेंध लगाने का प्रयास है, जो अक्षम्य है। योगी ने कम संग्रह वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट भी तलब की। उन्होंने एडिशनल, ज्वाइंट और डिप्टी कमिश्नर स्तर के अधिकारियों को व्यापारियों से संवाद करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर शनिवार देर शाम व्यापार कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में व्यापारियों के मुद्दे पर अफसरों की जमकर क्लास ली। कहा कि कर चोरी एक राष्ट्रीय अपराध है और इससे राज्य की विकास योजनाओं व लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर से कम संग्रह वाले क्षेत्रों की विशेष रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए, जिसे शासन फील्ड एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर गहनता से विश्लेषित करेगा। निर्देश दिए कि सेंट्रल जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत संदिग्ध फर्मों की जानकारी केंद्र को भेजी जाए, ताकि उनका पंजीकरण निरस्त हो सके। वहीं स्टेट जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों की विभागीय स्तर पर गहन जांच कर यदि अनियमितता मिले, तो पंजीकरण निरस्त कर एफआईआर दर्ज की जाए।


लखनऊ में व्यापार कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**कानपुर, मुरादाबाद समेत छह जोन में कम वसूली की करें समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने लखनऊ (दोनों ज़ोन), अयोध्या, बरेली, आगरा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, झांसी और सहारनपुर सहित लगभग 14 जोन में 60 फीसदी या उससे अधिक लक्ष्य पूर्ति को सराहनीय बताया। वहीं, वाराणसी जोन प्रथम, प्रयागराज, कानपुर द्वितीय, इटावा, अलीगढ़ और मुरादाबाद जैसे जोन में 50 फीसदी से कम संग्रह को असंतोषजनक बताते हुए तत्काल व्यापक समीक्षा का निर्देश दिया।

# 16 लेखपालों का निलंबन होगा वापस

**प्रयागराज, अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर निलंबित किए गए 16 लेखपाल काम पर लौटेंगे। छह जून को हुए निलंबन पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ और लेखपाल संघ के पदाधिकारियों के बीच आज हुई वार्ता में यह सहमति बनी है।

डीएम रवीन्द्र कुमार मांदड के साथ वार्ता के दौरान कलेक्टेट में लेखपाल संघ ने अपनी समस्याएं बताईं। संघ के पदाधिकारियों का कहना था कि लेखपालों के कुल 846 स्वीकृत पद हैं। वर्तमान में जिले में 268 लेखपाल काम कर रहे है। लेखपालों के रिक्त 578 का काम भी 268 के जिम्मे है। यही वजह है कि अतिरिक्त क्षेत्र का आईजीआरएस, वरासत व सरकारी कार्यों का निर्वहन नहीं हो पा रहा था। डीएम रवीन्द्र कुमार मांदड ने निलंबन समाप्त करने पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि जिले की रैंकिंग सुधारना लेखपाल की जिम्मेदारी है। जिला लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सागर ने बताया कि वार्ता में निलंबित लेखपाल भी शामिल रहे। डीएम के साथ वार्ता में संघ के जिला मंत्री अवनीश पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश यादव, कोषाध्यक्ष राजकुमार पांडेय, प्रतीक पांडेय, योगेंद्र सिंह, कुलदीप यादव, अजय तिवारी अनूप त्रिपाठी मोहम्मद वारिस आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा0, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-14-2025, **कार्य का विवरण:** एएनडीएन, एलजेएन डीआरएम कार्यालय, बंदरियाबाग अधिकारी कॉलोनी और जीटीएनआर में विद्युत आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,59,24,553.34, **बयाना राशि:** ₹ 3,29,600.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-15-2025, **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के लिए डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार, एलजेएन डिवीजन के जीडी, जीकेपी, जीकेसी, बीएसटी, जेईए, जीडी, बीयूडब्ल्यू, जीटीएनआर, एसटीपी, बीएलपी, एमएलएन और एसयूबीआर स्टेशन पर पाथवे लाइटिंग सुविधाओं और पोर्टा केबिन का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:** ₹ 99,67,305.23, **बयाना राशि:** ₹ 1,99,400.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-16-2025, **कार्य का विवरण:** एलजेएन-डिवीजन-एलजेएन मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बैटरी चार्जिंग/प्री-कूलिंग व्यवस्था का प्रावधान/प्रतिस्थापना। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,42,51,670.81, **बयाना राशि:** ₹ 2,71,300.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 08.07.2025 को 15.00 बजे। **नोट:** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**

**मुजाधि/विद्युत-57** **लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला कल से

▶▶ **14 जून तक शिक्षक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

**प्रयागराज, अमृत विचार।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में कार्यरत प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापक का स्थानांतरण सत्र 2025 - 26 के लिए ऑनलाइन माध्यम से 10 जून मंगलवार से आवेदन लिया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग एनआईसी द्वारा विकसित पोर्टल http://secaidedtransfer.upsdc.gov.in के माध्यम से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली के अंतर्गत शिक्षकों को 10 जून 2025 अपराह्न से 14 जून 2025 तक आवेदन करने का अवसर तबादले के इच्छुक प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, एलटी शिक्षकों को मिलेगा। एडी माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि तबादले के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात स्थानांतरण आदेश भी ऑनलाइन माध्यम से ही निर्गत किए जाएंगे। विभाग द्वारा ई-मेल aidedtransfer.up@gmail.com और हेल्पलाइन नंबर 8181063731, 9140719821, 9369470010 (कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक) उपलब्ध कराए गए हैं। इन नंबरों पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षक अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# शिक्षकों के अंतर जनपदीय तबादलों के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

▶▶ **14 जून को ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा किया जाएगा लॉक**

**प्रयागराज, अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण चार वर्ष बाद फिर से होने जा रहा है। इसके लिए शिक्षक, शिक्षिकाओं से ऑनलाइन आवेदन नौ जून से 12 जून तक आनलाइन लिया जाएगा।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने अंतर जनपदीय तबादले के संबंध में प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि शिक्षक - शिक्षिकाएं नौ से 13 जून तक ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि बीएसए के स्तर से 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा लॉक किया जाएगा। एनआईसी लखनऊ द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से 16 जून को स्थानांतरण करते हुए सूची जारी की जाएगी। अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए सेवा अवधि की बाध्यता नहीं है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Jargaam Abbas **पुत्र कल्बे हसन निवासी ग्राम लखनिया पोस्ट बड़ेपुर तहसील जलालपुर अम्बेडकर** नगर समस्त अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर K 1256425 में त्रुटिवश Zargaam Abbas दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती रूही शुक्ला पत्नी विशाल तिवारी निवासिनी- एस0एस0 /413/ सी- 1. सेक्टर- सी-1, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0-226012, मेरे आधार कार्ड व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम रूही शुक्ला (RUHI SHUKLA) अंकित है। जो कि सत्य है। जबकि मेरा नाम पैन कार्ड नं0- BLXP8026N में RUHI TIWARI अंकित है। उक्त दोनो नाम RUHI TIWARI व RUHI SHUKLA मेरे ही है, जिसे RUHI SHUKLA के नाम से ही जाना जाये और माना जाये। जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू, निवासी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा, थाना, परगना व तहसील-मलिहाबाद जनपद लखनऊ, मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या B7257954 पर मेरा नाम रितिक (RITIK) त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज हो गया है मेरा सही नाम रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम रितिक (RITIK) के स्थान पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे एसजीपीजीआई के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अरुणा गौतम दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा देवी पत्नी राम कुमार है भविष्य में मेरी पत्नी का नाम अरुणा देवी सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा जाना जाए। **राम कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी एकता नगर कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर लखनऊ**

**सूचना**

सर्व समाज को सूचित किया जाता है प्रस्तावित बहुद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड पहाड़पुर अहिरी विकासखंड अहिरोरी न्याय पंचायत गडेउरा तहसील सदर जिला हरदोई की समिति गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 9 जून 25 को समय 11: 00 बजे संपन्न होगी। यह जानकारी समिति द्वारा प्रेषित की गई। **मोबाइल नंबर 9628967077**


# अतीक की 16 अवैध जमीनों पर कुर्की नोटिस बोर्ड तोड़ा गया, एफआईआर

संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ **पुलिस, राजस्व टीम की जांच में खुलासा, कार्रवाई की तैयारी**

**अमृत विचार।** माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद भी उनका गैंग शहर पश्चिमी क्षेत्र में सक्रिय है। गैंग की कारस्तानी का नया मामला कटहुला गौसपुर में सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर माफिया अतीक अहमद की 16 अवैध जमीन पर लगे कुर्की नोटिस बोर्ड को उखाड़कर फेंकने के बाद खुलेआम अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने दोबारा नोटिस बोर्ड लगाया है। रहिमाबाद चौकी प्रभारी ब्रम्हेश मिश्रा की तहरीर पर एयरपोर्ट थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच हो रही है। धूमनगंज थाने में वर्ष 2020 में गैंगस्टर एक्ट बनाम अतीक अहमद और अन्य पर कुर्की की कार्रवाई की गई है।

पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर मौजा कटहुला गौसपुर में 16 अलग -अलग आराजी नंबर के भूखंडों पर कुर्की का नोटिस बोर्ड लगाया गया था। अतीक और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल 2023 को तीन युवकों ने गोली मार हत्या कर दी थी। अतीक अहमद की मौत के बाद भी उनका गैंग सक्रिय है। कटहुला गौसपुर में सभी 16 भूंखडों पर लगे कुर्की आदेश बोर्ड को तोड़कर हटाने और अवैध प्लाटिंग करने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने राजस्व टीम के साथ दबिश दी तो प्लाटिंग करने वाले फरार हो गए है। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध प्लाटिंग व लघुनिर्मित चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दोबारा कुर्की आदेश का बोर्ड लगाया है। कार्रवाई की रिपोर्ट एसडीएम सदर को भेजी गई है। थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि रहिमाबाद चौकी प्रभारी ब्रम्हेश मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए हो रही फसलों की खरीद : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है।



भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है, भाजपा धोखा देने में अव्वल है।

# क्रिकेट खेलने के विवाद के बीच पुलिस पर पथराव

▶▶ **एसआई ने दोनों पक्षों से 41 नामजद व 10-15 अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया है जानलेवा हमले का केस**

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** रानीगंज के रामनगर जोगियान निवासी शाहरुख खान और मो. मुस्तफा के घर के बच्चों के बीच एक माह पहले क्रिकेट खेलने के दौरान मारपीट हो गई थी। उस समय शाहरुख के घर के बच्चों को पीटा गया था। तीन दिन पहले दूसरे पक्ष के बच्चे पीट दिए गए। इसे लेकर दोनों पक्ष के लोग शनिवार शाम आमने-सामने हो गए। विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्ष के 50-60 लोग घरों की छत से एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर, रॉड, सब्बल से हमला कर दिया।

सूचना पर रानीगंज पुलिस पहुंची लेकिन लोग शांत नहीं हुए। वे पुलिसकर्मियों पर भी पथराव करने लगे। जानकारी मिलते ही सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के साथ ही फतनुपर, मानधाता, देहात कोतवाली पुलिस, दो सेक्शन पीएसी और एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घेराबंदी कर 34 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाने के एसआई अश्वनी कुमार पटेल ने दोनों ओर से 41 लोगों को नामजद करते हुए 10-15 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले, बलवा का केस दर्ज कराया।

# हनीमून पर गए दंपति 11 दिन से लापता

**सिक्किम हादसा**

▶▶ **पिता ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से लगाई गुहार**

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** हनीमून पर गए दंपति का 11 वें दिन भी पता नहीं लग सका। परिजन रो रो कर बेहाल हैं। युवक के पिता ने सिक्किम में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से तलाशी अभियान में खोजी दल की संख्या बढ़ाने की फरियाद की है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के राहाटीकर निवासी शेर बहादुर सिंह के पुत्र कौशलेंद्र प्रताप सिंह व बहू अंकिता सिंह सिक्किम में हनीमून पर गए थे। वहां 29 मई को सिक्किम के ललित रोड पर मुंशीगंज के पास वाहन अनियंत्रित होकर तिस्ता नदी में जा गिरा। इसके बाद से दंपति लापता है और परिवार के लोग खोजबीन के लिए सिक्किम में डटे हुए हैं। दंपति का 11वें दिन भी पता न होने को लेकर परिजन रविवार को मायूस दिखाई दिए। वहीं दंपति के गांव में भी इस हादसे को लेकर मातम छाया है। सिक्किम में मौजूद कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर ने वहां पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर तलाश में शामिल खोजीदल की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री से भी सोशल मीडिया के माध्यम से सिक्किम सरकार से वार्ता कर दंपति के खोजबीन तेज करने में मदद की गुहार लगाई है।


गुमशुदा दंपति। अमृत विचार

# एक्सईएन से मिले व्यापार मंडल के पदाधिकारी

संवाददाता, प्रतापगढ़


**अमृत विचार :** विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी सहित अन्य पदाधिकारी शनिवार को एक्सईएन सदर से मिले। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। लो वोल्टेज की समस्या भी है। पंजाबी मार्केट के अतिरिक्त अन्य घने आबादी, मोहल्ले व बाजारों में खुले तारों से हादसे का खतरा है। अधिक क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर लगाने, फीडरों की संख्या बढ़ाने की मांग की, जिससे विद्युत फाल्ट की समस्या कम हो। एक्सईएन ने समस्या का निस्तारण करने का भरोसा दिया। इस दौरान राहुल केसरवानी, अरविंद जैन, दीपक केसरवानी, दीपू, मनीष, केसरवानी, गुंजन आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।
4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।
5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख
6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**



1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।
2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।
3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।
5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।

### वर्ग पहेली -455 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 कै | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09 .35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 03 .31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** — आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** — आज नव दंपतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** — आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** — आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** — आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।

**धनु** — आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** — आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

# सरयू नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबकर मौत

## मामा की शादी में बहराइच से आए थे मौसेरे भाई, परिजन गमगीन

हादसा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी


सत्यम। (फाइल फोटो)


विवेक। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** बदोसरांय थाना क्षेत्र शनिवार की दोपहर दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। मामा की शादी में ननिहाल आए दो मासूम मौसेरे भाइयों की सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। अभिभावकों का विलाप हर किसी को द्रवित कर गया वहीं आयोजन की खुशियां धरी की धरी रह गईं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीनगर के रहने वाले रामानंद पाल के छोटे भाई देशराज की शादी पांच जून को थी। इस मौके पर रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। शादी के बाद शनिवार को गौना की रस्म हो रही थी। घर के अधिकांश पुरुष सदस्य बाहर गए हुए थे। दोपहर करीब एक बजे रामानंद पाल के दोनों भांजे सत्यम 13 पुत्र रमेश पाल निवासी ग्राम मदरही तथा विवेक 12 पुत्र पंकज निवासी ग्राम रेठौड़ा थाना जरवल जिला बहराइच गांव के अन्य बच्चों संग खेलने निकल गए। खेलते-खेलते सभी बच्चे करीब एक किलोमीटर दूर बह रही सरयू नदी के किनारे पहुंच गए। वहां पानी देखकर दोनों मासूम नहाने लगे और देखते ही देखते गहराई में चले गए।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

साथ गए बच्चों ने जब उन्हें डूबते देखा तो गांव की ओर दौड़ पड़े। शोर मचाकर उन्होंने परिवार को सूचना दी जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने नदी में तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले गए।

सूचना मिलते ही कोतवाली बदोसरांय के प्रभारी संतोष कुमार मौके पर गए। उनके पीछे उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और सीओ रामनगर गरिमा पंत भी वहां पहुंचीं। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।


### चेतावनी बोर्ड तक नहीं

गांव के लोगों के अनुसार सरयू नदी में जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए नदी के किनारे सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

# कई बेडों पर चादर नदारद, वार्ड में मिला गंदगी का ढेर

## छुट्टी के दिन अचानक जिला अस्पताल पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कर्मचारियों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बिना चादर बेड पर लेटे मरीज को देख कर्मचारियों को फटकार लगाते डिप्टी सीएम।

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शनिवार को बिना किसी तामझाम अचानक जिला अस्पताल की इमरजेंसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। डिप्टी सीएम को देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने भर्ती मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। डिप्टी सीएम को निरीक्षण में तमाम खामियां मिलीं। कक्ष में इंजेक्शन की शीशी का कांच फर्श पर बिखरा मिला। वहीं मरीज इंजेक्शन लगवाने आते-जाते दिखे। जिस पर उन्होंने डस्टबिन का प्रयोग करने को कहा। वार्ड में कई बेड पर चादर न मिलने और गंदगी होने पर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई। इमरजेंसी के गेट के बगल में ही ईएमओ (इमरजेंसी मेडिकल अफसर) कक्ष था जहां पर डिप्टी सीएम सबसे पहले खड़े हो गए। वहां ईएमओ और फार्मासिस्ट मौजूद थे। उन्होंने पूछा अब तक कितने मरीज आए। तत्काल रजिस्टर दिखाते हुए ईएमओ ने कहा अब तक 82 मरीज सुबह से इलाज कराने आए हैं। डिप्टी सीएम ने पूछा इसमें कितने गंभीर थे जिनको रेफर किया गया। ईएमओ ने बताया कि अब तक ऐसा कोई मरीज नहीं आया। इसके बाद वे वार्ड में पहुंचे तो देखा कई बेड पर चादर नहीं पड़ी थी। इस पर पूछा चादर डालने की जिम्मेदारी किसकी है। एक बेड पर हरी चादर देख तीमारदार से बोले घर से चादर लाए हो। मरीज ने कहा जी सर। उन्होंने तत्काल सभी बेड पर चादर डालने के निर्देश स्टॉफ को दिए। गेट के पास बेंच पर एक महिला को भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। डिप्टी सीएम ने कहा मरीज का प्राथमिक उपचार कर तत्काल वार्ड में भर्ती कराएं। कक्ष में फर्श पर ही कांच बिखरा देखा तो वह दंग रह गए। कहा कि फर्श पर कांच बिखरा है किसी के पैर में लग गया तो तत्काल इसे साफ कराइए। उसके बाद वह इमरजेंसी की पहली मंजिल पर पहुंचे। वहां भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। हादसे में घायल बुजुर्ग से पूछा कि कब भर्ती हुए उसने बताया 2 दिन पहले। इलाज और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तो मरीज ने कहा सब ठीक है।

### डिप्टी सीएम के आने की नहीं लगी भनक

बृजेश पाठक के दौरे की जिले के आलाधिकारियों और नेताओं को कोई जानकारी नहीं हुई। सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव भी डिप्टी सीएम के वापस जाने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डिप्टी सीएम के निरीक्षण में मिली कमियों को तत्काल दुरुस्त कराया और नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है। अस्पताल में जो भी कमियां मिलीं हैं उन्हें तुरंत दूर कराया जाएगा। सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा। मरीजों को हर संभव सुविधा दी जाएगी।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प

बिगड़ा माहौल

- पुलिस ने संभाले हालात, 18 लोगों पर की गई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र के ग्राम जरगावां में शनिवार को बाइक की मामूली टक्कर के बाद दो समुदायों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दर्जनों लोग पंचायत भवन परिसर में लाठी-डंडों के साथ एकत्र हो गए और एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता।

जानकारी के अनुसार जरगावां गांव का रहने वाला पोलराज रावत पुत्र रामकुमार रावत अपनी बाइक से सरैया जा रहे थे। रास्ते में स्वर्गीय कौसर मियां के घर के पास गांव निवासी मोनिस पुत्र गुड्डू की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों सड़क पर गिरकर मामूली रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग उग्र हो गए और बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं पंचायत भवन के पास लाठी-डंडों के साथ इकट्ठा हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने हालात को काबू में करते हुए दोनों पक्षों के कुल 18 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम हैदरगढ़ की अदालत में पेश किया। इसके अलावा एक पक्ष से पोलराज रावत की ओर से दी गई तहरीर पर करीब एक दर्जन नामजद लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्थिति सामान्य है। दोनों पक्षों पर कार्रवाई की गई है। मौके पर माहौल भी बिगड़ गया था।


महिलाओं को संबोधित करतीं आशा सिंह। अमृत विचार

### स्वच्छ भोजन से मन और मस्तिष्क रहता है शुद्ध

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशा सिंह ने अवध प्रांत के तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत बाराबंकी से की। उन्होंने डॉ विनय जैन के आवास पर जिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पर्यावरण आयाम प्रमुख डॉ प्रमोद पांडे सहित अवध प्रांत के पदाधिकारी मौजूद रहे। आशा सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक सदस्यता जरूरी है। उन्होंने शुद्ध भोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शुद्ध भोजन से मन और मस्तिष्क भी शुद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि शुद्ध के लिए युद्ध में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। डॉ. विनय जैन ने खाद्य पदार्थों के उपभोग में सजग रहने की सलाह दी। प्रांत अध्यक्ष यशपाल सिंह चौहान ने देश में मौजूद चुनौतियों पर चर्चा की। प्रांत संगठन मंत्री डॉ. आरपी सिंह विसेन ने संगठन की उपलब्धियों का जिक्र किया। बैठक का समापन लखनऊ महानगर के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे के शांति मंत्र के साथ हुआ। शाम को आशा सिंह ने देवा रोड स्थित एपी पैलेस में समाजसेवी महिलाओं के साथ अलग से बैठक की जिसका संयोजन समाजसेवी पवनेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

# 16 बटुकों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवीत संस्कार


बटुकों को वस्त्र यजुर्वेद व अन्य सामग्री देतीं राजरानी रावत व रामबाबू द्विवेदी।


यज्ञोपवीत कार्यक्रम में शामिल बटुक। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी

- भाकिमो प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी के सौजन्य से आयोजन

**अमृत विचार:** क्षेत्र स्थित मलौली गांव के श्री पंचमुखी हनुमत धाम दंडी संन्यासी आश्रम जगत गुरुकुलम में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी के सौजन्य से हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम 6 जून शुक्रवार से शुरू हुआ। 8 जून रविवार को भंडारे के साथ इसका समापन हुआ।

कार्यक्रम में 16 बटुकों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। समाजसेवियों ने बटुकों को वस्त्र, शुक्ल यजुर्वेद संहिता, रुद्राष्टध्यायी पुस्तक और द्रव्य से सम्मानित किया। पंचमुखी हनुमत धाम आश्रम में पूर्व मध्यमा से शास्त्री तक की शिक्षा दी जाती है। आश्रम व्यक्तिगत संसाधनों पर निर्भर है। इसके संचालन में रामबाबू द्विवेदी समेत कई समाजसेवी सहयोग करते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत मुख्य अतिथि रहीं। जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, राजकरन रावत, अशोक शुक्ला, श्रवण शुक्ला, अमित सिंह, अमित अवस्थी और मोनू भास्कर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में साधु-संत, डॉक्टर, कवि और स्थानीय ग्रामवासी शामिल हुए। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

# गंगा की अविरलता को सभी हों एकजुट

आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


संकादिक महाराज का स्वागत करते कार्यक्रम के आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** चित्रकूट धाम में कामदगिरि मंदिर ट्रस्ट और अमेठी जलबिरादरी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता सनकादिक महराज ने की। कामदगिरि कामतानाथ के संत डॉ. मदन गोपाल महाराज ने मंदाकिनी गंगा की अविरलता के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने नदी की साफ-सफाई और बाधाओं को दूर करने पर जोर दिया। कहा कि गंगा की अविरलता के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धनश्याम गुप्ता और अमेठी जलबिरादरी के अध्यक्ष डॉ. अर्जुन पांडेय सहित कई विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। डॉ. पांडेय ने कहा कि मंदाकिनी गंगा को पांच दशक पूर्व की स्थिति में लाना होगा। उन्होंने नदी के सीमांकन और जलस्रोतों के संरक्षण पर बल दिया। डॉ. राम नारायण त्रिपाठी ने मंदाकिनी को चित्रकूट की पहचान बताया। पर्यावरण प्रहरी रत्नेश कुमार ने नदी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भैरव प्रसाद मिश्र, रंजना उपाध्याय और दिव्या त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे। संत मदन गोपाल महाराज ने समापन पर कहा कि राज, समाज और संतों को मिलकर मंदाकिनी की रक्षा करनी होगी।

# हनुमान मंदिर की स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** कस्बा हैदरगढ़ के लोहिया वार्ड में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक हनुमान प्रसाद सैनी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज रामायण का अखण्ड पाठ शुरू होगा। मंगलवार को पाठ के समापन पर 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा रात्रि आठ बजे हनुमानजी को छप्पन भोग लगाया जायेगा साथ ही मंदिर का स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता ने पति देवर व सास पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

इब्राहिमपुर निवासी मृतका के पिता सियाराम मिश्रा ने तहरीर में कहा कि उन्होंने अपनी पुत्री 26 वर्षीय आरती का विवाह ग्राम सीहामऊ निवासी कृष्ण कुमार उर्फ नंदू रामतेज के साथ किया था। शादी के बाद से ही पुत्री के ससुरालीजन सोने की चेन बाइक तथा दो लाख रुपयों नगदी की मांगकर प्रताड़ित किया करते रहे। यह बात पुत्री फोन से तथा घर आने पर परिवार के लोगों को बताती थी। इस संबंध में ससुराली जनों से संपर्क कर बातचीत के माध्यम से कई बार सुलह समझौता भी हुआ लेकिन ससुरालीजन आए दिन पुत्री को प्रताड़ित करते रहे। शनिवार की सुबह फोन से उसी गांव में ब्याही दूसरी पुत्री पूजा ने घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंच कर देखा तो पुत्री का शव मकान के कमरे में फांसी के फंदे पर लटक रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस सीओ गरिमा पंत व थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और जांच की।

उमंग

जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई गई बकरीद, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पढ़ी गई नमाज, गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

# मुल्क में अमन-चैन की दुआ के लिए एक साथ उठे हजारों हाथ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


शहर स्थित पीर बटावन ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पूरे जिले में अकीदत से मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा करने के बाद मुल्क में अमन-चैन और दुनिया में सौहार्द की दुआ मांगी और एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने तय समय पर नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

शहर के ईदगाह में सुबह आठ बजे मौलाना अबूजर कासमी ने नमाज अदा कराई। इसी के साथ शहर के जामा मस्जिद बेगमगंज, कस्बा फतेहपुर, देवा व हैदरगढ़ ईदगाह आदि स्थानों पर भी जिम्मेदारों ने नमाज अदा कराई। अस्करी मस्जिद, मस्जिद इमामिया कटरा, कर्बला सिविल लाइन में नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद कुर्बानी की परंपरा निभाई गई। डीएम शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने शहर की मस्जिदों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और बधाई दी। इस मौके पर एडीएम अरुण सिंह, एसडीएम आनंद तिवारी, सीओ सुमित त्रिपाठी, सीओ सौरभ श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। कुर्बानी के बाद अवशेषों को नगरपालिका की ओर से एकत्र किया गया।

**मसौली प्रतिनिधि** के अनुसार ईद-उल-अजहा कस्बा बड़ागांव ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद अंसारी, ईदगाह मसौली में हजरत मौलाना सैय्यद गुलजार शाह इस्माईली, कस्बा सआदतगंज ईदगाह में हाफिज सिराजुद्दीन, मस्जिद पचासा में मुफ़्ती आरिफ, मस्जिदे मरकज़ में हाफिज अब्दुल्ला, मस्जिद मक्की में मौलाना अकील व मस्जिदे मदनी में मौलाना अयाज, मस्जिदे रजा में मौलाना असरार, कस्बा रामपुर कटरा मे मौलाना अरकम सहाबपुर में मौलाना इमरान नदवी, सुरसंडा मे मास्टर समीमउद्दीन ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई और रहमत की बारिश की दुवाएं मांगी। पूरे शहर में दिन भर उमंग और उत्साह भरा माहौल देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज अरुण प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसौली सुधीर कुमार सिंह भ्रमण करते रहे। इसी प्रकार फतेहपुर, रामनगर, सिरौली गौसपुर, हैदरगढ़, रामसनेहीघाट क्षेत्रों में भी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

### बच्चों में दिखा उत्साह, खूब की मस्ती

ईदगाह से लेकर घरों तक बच्चों में खासा उत्साह दिखा। बच्चे बेहद खुश दिखाई दिए और एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। बधाई देने का दौर शाम तक चलता रहा। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर जाकर लजीज पकवानों का स्वाद भी चखा। वहीं शहर के मॉल व मुख्य बाजारों में भी मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ देखी गई और खूब खरीदारी भी और मौज-मस्ती भी की।

## सार-संक्षेप

### मृदा परीक्षण के आधार पर करें संतुलित उर्वरकों का प्रयोग


कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** विकासखंड बनीकोडर के ग्राम मऊ में खरीफ कृषि निवेश मेला आयोजित किया गया। मेले में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किसानों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को देखते हुए भविष्य प्राकृतिक और परंपरागत खेती का है। उन्होंने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने और धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को योजनाओं से अवगत कराना था। इस मौके पर बाबा परमेंद्र विक्रम, पंकज तिवारी, अमर सिंह, प्रधान सविता वर्मा, हरिनाम वर्मा, शिव गोविंद, रमेश वर्मा, दिलीप मौर्या व कृषि अधिकारी राजित राम आदि मौजूद रहे।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त परिजनों के सुपुर्द

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीआरवी असंद्रा टीम ने रास्ता भटककर आये मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सात मई को यूपी 112 के माध्यम से पीआरवी 5498 को सूचना प्राप्त हुई कि एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति थाना असंद्रा थाना अंतर्गत रास्ता भटककर आ गया है। सूचना पर पीआरवी टीम आसपास के व्यक्तियों व सी-प्लान एप के माध्यम से परिजनों से संपर्क स्थापित कर उक्त व्यक्ति को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। टीम में पीआरवी 5498 पर नियुक्त हेड कांस्टेबल अनूप वर्मा व कांस्टेबल मनीष सिंह शामिल रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े कई वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम ने बीएनएस से संबंधित सुनील कुमार वर्मा पुत्र स्व. जगन्नाथ प्रसाद निवासी ग्राम हापापुर थाना जहांगीराबाद व मंजीत यादव पुत्र आशाराम यादव निवासी ग्राम सुरसण्डा थाना मसौली को गिरफ्तार किया। थाना कोठी पुलिस टीम ने बीएनएस व पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त सर्वजीत रावत पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम सुखलाल पुरवा थाना असंद्रा को कैसरगंज चौराहे के पास गिरफ्तार किया।

### भंडारे में भक्तों ने गृहण किया प्रसाद


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड-14 में शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भिटरिया स्थित हैदरगढ़ रोड पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बालाजी के प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को छोला-चावल और बूंदी वितरित की गई। ज्येष्ठ माह में शनिवार और मंगलवार को बालाजी का भंडारा विशेष माना जाता है। आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र 'बाला जी महाराज की जय' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर विनय कुमार वर्मा, आकाश वर्मा, लेखपाल अंबुज मिश्रा, सेतुबंधु पाण्डेय, कमलेश वर्मा, अंजनी कुमार साहू आदि रहे। जयकरन साहू, अभिषेक वैश्य, विवेक वर्मा व विजय रंजन ने भी सहयोग किया।

### गांजा और स्कूटी समेत दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने सावंत कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम लोहजागर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर व चौधरी ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम टीबी अस्पताल के सामने गली में थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच को शारदा नहर पटरी बहदग्राम पिपरौली थाना बड्डूपुर के पास से गिरफ्तार किया। इनसे एक किलो 900 ग्राम गांजा और एक स्कूटी बरामद की गयी।

### अज्ञात लोगों ने युवक को जमकर पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ से घर लौट रहे दंपति के साथ रास्ते में एक सनसनीखेज वारदात घटित हुई। पीड़िता ईशा शुक्ला पत्नी दीपक शुक्ला निवासी पूरे शुक्लन पोस्ट सुपामऊ थाना असन्द्रा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने पति दीपक शुक्ला के साथ लखनऊ स्थित लोहिया हॉस्पिटल से घर लौट रही थीं। रास्ते में जब वे देवीगंज पहुंचे तो सौरभ स्कूल के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनके पति पर अचानक हमला कर दिया। हमले में उनके पति को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की ली जानकारी


राजकीय हाईस्कूल चौबीसी हैदरगढ़ में कचरा प्रबंधन की जानकारी देते शिक्षक।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों में चल रहे समर कैंप में स्वच्छता व कचरा प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुरुआत सभी विद्यालयों में आधे घंटे के योग व व्यायाम से हुआ। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन का महत्व समझाया। गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग और रिसाइक्लिंग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पोस्टर, मॉडल और स्लोगन से अपनी समझ प्रस्तुत की। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने कार्यक्रम की निगरानी की। जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने त्रिवेदीगंज ब्लॉक के इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। डीआईओएस के अनुसार इन गतिविधियों से बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। समर कैंप में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और व्यवहारिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कार की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत, पत्नी गंभीर

## पिसावां थानाक्षेत्र के मैगलगंज मार्ग पर हुआ सड़क हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता सीतापुर



सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन

**अमृत विचार :** पिसावां इलाके में मैगलगंज मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ। बाइक सवार तीन लोगों को कार ने टक्कर मार दी। मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत हो गई। पत्नी गंभीर है, जिनका उपचार हो रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

पिसावां थानाक्षेत्र का अमरैया गांव निवासी हरिप्रसाद (33) अपनी पत्नी पम्मी और 5 वर्षीय पुत्री प्रांशी के साथ लखीमपुर के मोहम्मदी थाना क्षेत्र स्थित सरैया गांव रिश्तेदारी में गया था। बाइक सवार युवक अपने परिवार के साथ देर शाम घर लौट रहा था। मैगलगंज मार्ग पर कट के नजदीक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिसावां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया गया। पम्मी की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पिसावां पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की है। उधर, परिवार के लोगों का कहना है कि हरिप्रसाद चार भाइयों में सबसे छोटे था। वो ढोलक बजाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। परिवार में केवल तीन बीघा जमीन है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीतापुर,अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पार कर रही एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रेन हादसा लखनऊ-सीतापुर आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से हुआ है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र की काशीपुर निवासी 18 वर्षीय शीलू घर से निकली थी। बताते हैं कि वो रेलवे पटरियों पर चल रही थी। तभी लखनऊ से सीतापुर आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। पकरिया चौराहा के करीब हुए हादसे के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे मौके पर पहुंची सिधौली पुलिस द्वारा सिधौली स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शीलू को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि शीलू घर से दवा लेने निकली थी। इसी दौरान हादसा हो गया। उधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की है।

### शारदा नदी में डूबा लखीमपुर का युवक



हादसे के बाद नदी किनारे जमा ग्रामीण।

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में आया लखीमपुर का युवक शारदा नदी के गहरे पानी में डूब गया। नदी में डूब गए युवक की तलाश की जा रही है। तंबौर थाना क्षेत्र में फूलपुर गांव में लखीमपुर खीरी जनपद के खमरिया थाना क्षेत्र का लालपुर निवासी सरोज कुमार अपनी रिश्तेदारी में तंबौर के फूलपुर गांव आया था। बताते हैं कि नजदीकियों के साथ सरायन नदी के एक छोर पर पहुंचा और नहाने लगा। अचानक उसका पैर गहरे पानी में समा गया। युवक को डूबता देख किनारों पर मौजूद ग्रामीणों में खलबली मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तंबौर थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक युवक की तलाश गहरे पानी में की जाती रही।

# पुरानी रंजिश में दूल्हे को पीटा, जेवर गायब

संवाददाता थानगांव, सीतापुर,

▸▸ बारात लौटते समय गांव के भीतर हुई वारदात, दूल्हा सहित 5 लोग चोटिल

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश का विवाद इतना बढ़ा कि गांव पहुंचे दूल्हे की पिटाई कर दी गई। वारदात में दूल्हे सहित 5 लोग चोटिल हुए। वारदात के बाद गांव से दूसरा पक्ष फरार होना बताया जा रहा है। थानगांव थानाक्षेत्र के भटपुरवा गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है। थानगांव थानाक्षेत्र के भटपुरवा निवासी पप्पू शर्मा (22) के मुताबिक, उसकी बारात तंबौर थाना क्षेत्र के बरछता गांव गई थी। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वो पत्नी रीतू को लेकर घर लौट रहा था। पीड़ित पक्ष के मुताबिक रास्ते में गांव के ही लवकुश शर्मा और उसके परिजन मिल गए। आरोप है कि लवकुश शर्मा, रंजीत, अमन ने झगड़ा होने पर दूल्हे की गाड़ी रोक ली और उस पर हमला कर दिया। दूल्हे पप्पू शर्मा को गाड़ी से उतारकर जमकर पीटा गया। बीच-बचाव में पांच अन्य लोग चोटिल हो गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि विपक्षियों ने गाड़ी पर पथराव कर गाड़ी में रखे दुल्हन के करीब डेढ़ लाख कीमत के जेवरात भी गायब कर दिए। थानाध्यक्ष अतुल शुक्ला ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर की 10.86 लाख की संपत्ति जब्त

संवाददाता सीतापुर



संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई के दौरान पुलिस और तहसील प्रशासन।

**अमृत विचारः** आपराधिक कृत्यों से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए थाना तंबौर पुलिस ने अभियान चलाया। जिलाधिकारी के आदेश पर हिस्ट्रीशीटर छोटकन्ने लाल पुत्र कुंवर बहादुर निवासी ग्राम जालिमपुर मड़ेरुआ, थाना तम्बौर की संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत जब्त किया गया।

अपराधी छोटकन्ने लाल पर अवैध शस्त्र, हत्या के प्रयास, चोरी सहित एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह एक संगठित आपराधिक गिरोह का सरगना है, जो आर्थिक लाभ के लिए गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है। अभियुक्त की आय का कोई वैध स्रोत नहीं पाया गया है। थाना सिधौली पर धारा 2बी(1)/3(1) गैंगेस्टर एक्ट में की गई विवेचना के आधार पर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलित कर धारा 14(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट 1986 के तहत जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई, जिसके आधार पर 0.543 हेक्टेयर कृषि भूमि अनुमानित लागत लगभग 10,86,000 को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया। यह भूमि ग्राम जालिमपुर मड़ोर, परगना तम्बौर, तहसील लहरपुर में स्थित है। कुर्की की कार्रवाई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण की गई।

# मछरेहटा इंटर कॉलेज को लेकर भूमिपूजन



भूमिपूजन करते नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू व विधायक रामकृष्ण भार्गव

**मछरेहटा-सीतापुर :** ग्राम फिरोजपुर मछरेहटा में आरजेजे एजुकेशन पॉइंट की नवीन शाखा आरजेजे इंटर कॉलेज का भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश राठौर गुरु नगर विकास राज्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव और खैराबाद नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव प्रताप सिंह गंपू सिंह भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंध तंत्र की ओर से संस्थापक जगदीश जायसवाल, प्रबंधक कुलदीप जयसवाल, प्रधानाचार्या पूनम जायसवाल, उप प्रधानाचार्या अरुणिमा श्रीवास्तव, मुकेश जायसवाल, निलय मिश्रा, रागिनी सक्सेना तथा बड़ी संख्या में इलाका वासी मौजूद थे। भूमिपूजन के बाद कन्याभोज और भंडारे का भी आयोजन हुआ।

# पशुओं के अवशेष मिलने पर बिफरा बजरंग दल

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर



मौके पर मौजूद पुलिस और बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शारदा नहर रेगुलेटर पुल के निकट बने स्लॉटर हाउस के पास पशुओं के अवशेष मिलने पर हड़कंप मच गया। ऐसे में बजरंग दल खासा हंगामा किया।

बढ़ते विवाद की स्थिति के बीच संगठन ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया के नेतृत्व में भारी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता शारदा नहर रेगुलेटर पुल के निकट बने स्लॉटर हाउस में पशुओं के अवशेष मिलने की सूचना के बाद पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह सहित आसपास थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदौरिया ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति के पास पशु अवशेष जमा करने का ठेका है। उसकी आंड़ में आरोपी गलत कृत्य कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए स्थितियों को सामान्य कराया। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लोहिया वार्ड में ईट-पत्थर और चाकू से हमला, 6 लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत के लोहिया वार्ड में रविवार शाम मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष ने दूसरे पर घर में घुसकर चाकू और ईंट-पत्थर से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में छह से अधिक लोग घायल हो गए, इनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

लोहिया वार्ड निवासी चांद बाबू ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार शाम उनके पड़ोसी नयूम ने उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। नयूम का आरोप था कि किसी ने उनके घर में गिट्टी फेंकी है। विरोध करने पर कहासुनी मारपीट में बदल गई। चांद बाबू के अनुसार तभी अलादीन नामक युवक चाकू लेकर आया और उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। चांद बाबू ने आरोप लगाया कुछ देर बाद पूर्व सभासद अयूब कुरेशी, अजमल, शकील, शब्बे सहित एक दर्जन से अधिक लोग उनके घर में घुस आए और महिलाओं सहित सभी पर हमला कर दिया। इस हमले में चांद बाबू समेत अतीक, अनीश, अबसार, अशरफ और महरुन्निशा घायल हो गए। सूचना मिलते ही हैदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चांद बाबू (35) एवं अतीक (36) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद अतीक को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# मासूम को घर में बंद कर पीटा, घायल हालत में छोड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीरबटावन मोहल्ले में एक मासूम को घर में बंद कर पीटा गया। परिजनों के संदेह जताने पर आरोपियों ने उसे घायलावस्था में दरवाजे पर छोड़ दिया। फरीदा पत्नी मक्खी अंसारी ने तहरीर में बताया कि उनका 8 वर्षीय बेटा मोहम्मद शौफी पांच जून को खेल रहा था, तभी जलील अहमद उर्फ मुन्ना ने उसे घर के अंदर खींचकर बंद कर लिया। काफी देर तक बच्चा न मिलने पर फरीदा व उनके पति ने खोजबीन शुरू की। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर जब वह जलील के घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया तो जलील अहमद और उसका भाई शकील बाहर निकले और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। पूछताछ पर उन्होंने फरीदा के बेटे को लहूलुहान हालत में दरवाजे पर फेंक दिया। फरीदा के अनुसार, आरोपियों ने धमकी दी कि अगर इस घटना की शिकायत की, तो अगली बार बच्चे की हत्या कर उसकी लाश गायब कर देंगे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

## हिंदू-मुस्लिम ने मिलकर वितरित किया प्रसाद

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बछरावां तिराहे पर रविवार को ज्येष्ठ मास के उपलक्ष्य में हनुमानजी को समर्पित सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रसाद वितरण किया। जगत नारायण यज्ञसैनी, राहुल सिंह चौहान, यूनुस, अयूब खान, मोहम्मद वसीम, अंशू सिंह राणा और आलोक सिंह समेत कई लोगों ने आयोजन में सहयोग किया। भंडारे में छोला चावल, कढ़ी चावल, बूंदी, कोल्डड्रिंक और हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। समाजसेवी राजू भैया, चंद्रशेखर सिंह, व्यापारी नेता राजकुमार सोनी और प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह सोनू सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान चौराहे पर स्थित हनुमानजी के मंदिर से भक्ति गीतों की धुन गूंजती रही। आयोजन में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली।

# घायल के पेट पर ग्लूकोज बोतल रख चढ़ाते रहे ड्रिप



घायल के पेट पर रखी ग्लूकोज की बोतल। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकीः** संयुक्त चिकित्सालय में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां हादसे में घायल को भर्ती कराया गया। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मरीज को ग्लूकोज की बोतल लगाई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने ग्लूकोज बोतल के लिए स्टैंड का इंतजाम नहीं किया। बोतल को मरीज की कमर पर ही रख दिया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार नहीं करता है। दरअसल, शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल अयोध्या प्रसाद को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती तो कर लिया गया लेकिन, उनके साथ मौजूद राज प्रकाश ने बताया कि वह वह दवा लेने अस्पताल जा रहे थे। बदोसराय के पास एक वाहन सामने आ गया। इससे बाइक पर ब्रेक लगानी पड़ी। संतुलन बिगड़ा और बाइक गिर गई। गिरने से अयोध्या प्रसाद घायल हो गए। उन्हें सिरौली गौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने टांके लगाने के बाद ग्लूकोज चढ़ाना शुरू किया। लेकिन, बोतल को स्टैंड की बजाय मरीज की कमर पर रख दिया। परिजन बेड और स्ट्रेचर की तलाश में भटकते रहे। लेकिन, काफी देर तक उन्हें वह भी नसीब नहीं हुआ। घटना से परिजनों में आक्रोश फैल गया। अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों के परिजनों ने भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच और जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वॉइस मामले में बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच कराएंगे।

# बाइक सवार बदमाशों ने लूटे साढ़े तीन लाख

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के झींझामऊ गांव के पास शनिवार सुबह एक बड़ी लूट की वारदात घटित हुई। बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने साइकिल सवार एक व्यक्ति को टक्कर मारकर उसके थैले से साढ़े तीन लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सतरिख पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

लखनऊ जनपद के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अमेठी कस्बा निवासी प्रदीप अवस्थी उर्फ अन्नू शनिवार सुबह करीब 10 बजे साइकिल से गोसाईगंज जा रहे थे। उनके थैले में साढ़े तीन लाख रुपये नकद रखे थे। झींझामऊ गांव के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनकी साइकिल में टक्कर मारी, जिससे वह गिर गए। इसी दौरान बदमाशों ने थैले से रुपये निकाले और तेजी से फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित के बयान दर्ज किए गए। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट और सर्विलांस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही पीड़ित के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी जांची जा रही है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध भी लग रहा है, क्योंकि पीड़ित अक्सर बड़ी रकम लेकर इधर-उधर आता-जाता रहता है। कुल मिलाकर यह जांच का विषय बन गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल करने में जुट गयी है। जल्द ही स्थिति साफ हो जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जमीन के सौदे में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरसनिया में जमीन के सौदे के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। लिखित शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित अजय कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में कहा है कि उन्होने ग्राम धरसनिया में भूमि खरीदने के लिए 23 दिसंबर 2023 को पवन कुमार पुत्र ईश्वरदीन और प्रतिमा यादव पत्नी राजकुमार को 1,50,000 नकद भुगतान किया था। इसके बाद 2 अक्टूबर 2024 को अजय ने उक्त भूमि के एवज में 20,000 और नकद दिए। बताया गया कि यह सौदा प्रदीप कुमार उर्फ़ बादल निवासी मुबारकपुर गदिया की मध्यस्थता में हुआ था लेकिन 23 मई को जब अजय ने ज़मीन का कब्ज़ा मांगा, तो आरोपितों ने ना तो ज़मीन देने को तैयार हुए और ना ही पैसे वापस करने को राज़ी हुए। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित ज़मीन पर पहले से किसी अन्य व्यक्ति का कब्ज़ा है। घटना से आहत पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तीन दुकानों का शटर तोड़कर हजारों रुपये की चोरी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के कस्बा विशुनपुर में मोहम्मदपुर रोड पर नहर पुल के पास स्थित तीन दुकानों के शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी सहित हजारों का सामान उड़ा दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे पहले टिंकू की मोबाइल दुकान का शटर तोड़ा और वहां से लगभग 54 हजार रुपये के मोबाइल फोन तथा नकदी लेकर फरार हो गए। इसके बाद बगल में स्थित शिवकांत की किराना दुकान और सतीश की कास्मेटिक दुकान को भी निशाना बनाया। शिवकांत की दुकान से करीब 30 हजार रुपये का सामान तथा सतीश की दुकान से लगभग 8 हजार रुपये मूल्य की सामग्री चोरी हुई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी और विशुनपुर चौकी प्रभारी मिथलेश यादव मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### अयोध्या अशर्फी भवन से जुड़े राम किशोर का निधन



**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** सहादतगंज कस्बे में अयोध्या अशर्फी भवन से जुड़े वयोवृद्ध राम किशोर आयोध्यावासी का निधन हो गया। वे रामायण और गीता के गहन ज्ञाता थे। राम किशोर की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इनमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक और मीडिया कर्मी मौजूद थे। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और योगदान को याद किया। सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### माफिया दिनदहाड़े काट ले गए शीशम के पेड़

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर चौराहे के समीप पटरी पर खड़े शीशम के पेड़ माफिया के निशाने पर हैं। दिनदहाड़े शीशम के पेड़ को काटकर माफिया फरार हो गए। मौके पर अब भी पेड़ का ठूंठ है। अमृत विचार टीम जब मौके पर पहुंची तो वहीं बगल में एक और काटा गया शीशम का पेड़ दिखाई दिया। गौरतलब है कि हाईवे किनारे लगे इन पेड़ों की कीमत हजारों होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की मोटी डालियों को वाहन के ज़रिए ले जाया गया लेकिन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। वन क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट विशाल गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना की दो अलग-अलग गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ित महिलाओं ने संबंधित थानों में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पहली घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर की है। समरीन बानो ने अपने पति सत्य प्रकाश और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। समरीन के अनुसार, 3 जून को उसके पति, सास मोहना देवी, कीरबेनी, देवर सतेन्द्र, जेठानी रजनी और देवरानी चंचल ने दहेज की मांग को लेकर बुरी तरह मारा-पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से की गई इस पिटाई में मोहल्ले वालों के हस्तक्षेप से उसकी जान बच सकी। आरोपियों ने उसका मोबाइल और 15,000 नकद भी छीन लिए और रात 8 बजे घर से निकाल दिया। दूसरी घटना ओमनगर नई बस्ती की रूपा शर्मा के साथ हुई। रूपा ने आरोप लगाया कि उसका पति जतिन शर्मा नशे का आदी है, आये दिन मारपीट करता है और दूसरी शादी करने की धमकी देता है। 4 जून को रात करीब 9 बजे, जतिन शर्मा ने अपनी माँ मंजू शर्मा, पिता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, बहन कपिला व प्रतिभा शर्मा के साथ मिलकर रूपा और उसकी बेटी तान्या को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।

### महिला अस्पताल से कर्मचारी की बाइक चोरी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल से ड्यूटी पर तैनात कर्मी की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कृपाशंकर तिवारी पुत्र स्व. लवकुश तिवारी, निवासी ग्राम खोचकीपुर पोस्ट उदवतनगर थाना दरियाबाद जिला महिला अस्पताल में 102 एम्बुलेंस सेवा में ईएमटी पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग वह ड्यूटी पर पहुंचे और अपनी बाइक को अस्पताल परिसर में पार्क कर दिया लेकिन जब वह दोपहर में वापस लौटे तो देखा कि उनकी बाइक गायब थी। कृपाशंकर ने बाइक को आसपास अस्पताल परिसर में ढूंढने का प्रयास किया, परंतु उसका कोई पता नहीं चला।

### जीजा के घर गई युवती प्रेमी के साथ हुई फरार


**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र में जीजा के घर गई युवती को उसके गांव का ही युवक भगा ले गया। युवती अपनी बहन के जेवर भी लेकर चली गई। शिकायत के बाद भी पुलिस ने उसकी मदद नहीं की। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया उसकी 21 साल की बहन 30 मई को जीजा के गांव गई थी, लेकिन 5 जून को वह गांव के ही युवक राहुल संग फरार हो गई। आरोप लगाया कि उसकी बहन जाते समय उसके कीमती जेवरात सोने का हार, झुमकी, बाला, मांगटीका व 53,000 नकद रुपये व मोबाइल भी साथ ले गई। युवती का कहना है कि जब उसने राहुल की बहन से पूछताछ की तो पता चला कि दोनों ग्राम मितौली थाना नगराम लखनऊ स्थित राहुल के मौसा कृपाली बाबा के घर में छिपे हुए हैं। जब वह वहां पहुंची तो कृपाली बाबा, हरिशचन्द्र समेत घर के अन्य लोगों ने उसे गालियां दीं और गांव से भगा दिया।

# शातिर चोर दबोचे, दो घटनाओं से हटा पर्दा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वाट, सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने चोरी की दो घटनाओं का अनावरण करते हुए दो अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी, पिपरमिंट तेल आदि बरामद किया। पुलिस टीम ने चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए मंगल उर्फ राजू पुत्र काशीराम व जियालाल उर्फ मनोज निषाद पुत्र मुन्नालाल निवासी कन्दौली थाना फखरपुर जनपद बहराइच को रहिलामऊ पुल ग्राम सदरापुर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किया गया जेवरात, 14960 रुपये नकद, साड़ी, पिपरमिन्ट तेल, चोरी करने के उपकरण, एक अवैध तमंचा घटना में प्रयुक्त एक वाहन मारूति कार बरामद किया गया। पूछताछ से पता चला कि इनके द्वारा बाराबंकी के आस-पास के जनपदों में बरामद वाहन से घूम-फिर कर रेकी करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। वहीं चोरी का सामान बेचकर ऐशोआराम पर खर्च करते है। इनके द्वारा अपने अन्य साथी रामतेज उर्फ सुनील के साथ मिलकर थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शैलीकीरतपुर में व जमुआ गांव में चोरी करना स्वीकार किया गया।

### शर्मनाकः नेत्रहीन युवती से किशोर ने किया दुष्कर्म

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक नेत्रहीन युवती के साथ पास ही रहने वाले किशोर ने दुष्कर्म कर डाला। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराया, वहीं आरोपी किशोर को सुधार गृह भेजा गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती नेत्रहीन है। शुक्रवार को वह घर में अकेली थी। आरोप है कि इस बीच गांव का 15 वर्षीय किशोर डब्बू यादव युवती के घर पहुंच गया। उसको अकेला देख उसने बलात्कार किया। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने किशोर को धर दबोचा और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार को युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेजा है। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।



कालिका माता मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो। अमृत विचार

### बेकाबू वाहन खड्ड में पलटा, पांच लोग घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में हुसैनाबाद कोठी मार्ग पर कालिका माता मन्दिर के समीप शनिवार शाम तेज़ रफ्तार बोलेरो वाहन गहरे खड्ड में जा गिरा। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी कोठी भेजा, जहां से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफ़र किया गया है। थाना कोठी क्षेत्र के बुधनई निवासी दीपू उर्फ अमर नाथ शनिवार को बोलेरो से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से कोठी जा रहे थे, तभी रास्ते में तेज गति के चलते अनियंत्रित होकर बोलेरो गहरे खड्ड में जाकर पलट गई। कार सवार दीपू उर्फ अमर नाथ निवासी बुधनई, इसी गांव के धर्मराज व अखिलेश निवासी रामदीन पुरवा, रमेश सराय मांदू थाना कोठी घायल हो गए। सभी लोगों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी कोठी पर भर्ती कराया गया। जहां से दीपू व अखिलेश को जिला अस्पताल रेफ़र किया गया है।

# हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को नई दृष्टि व कौशल पर जोर

## इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन में भारत समेत अमेरिका, सऊदी अरब व इथियोपिया के विशेषज्ञों रहे शामिल

संवाददाता, अमेठी


सम्मेलन के दौरान मौजूद विदेशी विशेषज्ञ एवं कॉलेज के शिक्षक व छात्राएं।


विदेश से आई विशेषज्ञ को सम्मानित करती कॉलेज की उपप्राचार्य गोमती एम

**अमृत विचार:** मुंशीगंज स्थित संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की प्रतिष्ठित इकाई इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज की ओर से एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें भविष्य की नर्स को शिक्षित करना विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

बताया गया कि शैक्षणिक और क्लीनिकल उत्कृष्टता के लिए परिवर्तनकारी शिक्षण मॉडल जरूरी है। जिसमें नर्सिंग शिक्षा में तकनीकी नवाचार, क्लीनिकल दक्षता और शिक्षण में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य रहा है। उद्घाटन सत्र में उपप्राचार्य डॉ. गोमति एम ने उक्त विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, नर्सिंग के बच्चों को इसे अपने शिक्षण कार्य में अपने की नसीहत दी। इस वैश्विक सम्मेलन में भारत समेत अमेरिका, सऊदी अरब और इथियोपिया के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

सेमिनार कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. बेनाजिर इसराइल (अध्यक्ष) व पियूष गुंजन यादव (सचिव) के निर्देशन में बनी। सम्मेलन में प्रो. डॉ. कोप्पुला विक्टर बाबू (इथियोपिया), डॉ. एलिज़ाबेथ आरोन (यूएसए), प्रो. मरियम्मा सी. जॉन, डॉ. एस. वसंथकुमारी (केएस ए) और प्रो. डॉ. एम. भारती जैसे वक्ताओं ने विस्तार से संदर्भित विषय पर जानकारी दी। वक्ताओं ने सम्मेलन का उद्देश्य बताते हुए नर्सिंग शिक्षा में एआर व वीआर और सिमुलेशन तकनीक का समावेश क्रिटिकल थिंकिंग और मेंटरशिप को बढ़ावा देना बताया। इसके साथ ही वक्ताओं ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक शिक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने की जानकारी दी। गौरतलब हो कि संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की भूमिका 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी। स्थापित यह ट्रस्ट ग्रामीण स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। इसके अंतर्गत संजय गांधी अस्पताल (350-बेड), इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में बीएससी, जीएनएम, एमएससी सहित कई कोर्स संचालित हैं। जिले सहित कई अन्य जनपदों के बच्चे आज यहां शिक्षा ग्रहण कर नौकरी कर रहे हैं। कॉलेज प्राचार्य रमेश एस ने बताया कि यह सम्मेलन नर्सिंग शिक्षा के वैश्विक मानकों की ओर एक मजबूत कदम रहा है। जिसमें भविष्य के हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को नई दृष्टि और कौशल प्रदान करने पर ज़ोर दिया गया।

### विदेश से आये मेहमानों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विदेश से आए विशेषज्ञों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इस सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बच्चों ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिभागी कर जानकारी अर्जित की। इस कार्यक्रम की सराहना और जानकारी की चर्चा छात्रों में जोर-शोर से है। क्योंकि यह विदेश स्तरीय ऐसा सम्मेलन हुआ है जिसमें नर्सिंग के छात्रों को देश के साथ ही कई अन्य देशों की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारियां मिली जो उनके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

# अकीदत और अमन के साथ मनी बकरीद

संवाददाता, अमेठी


शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के मस्जिद के पास मुस्तैद पुलिस प्रशासन।

**अमृत विचार:** अमेठी जिले में ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व शनिवार को पूरे अकीदत, एहतराम और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए उमड़ पड़े। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई और देश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी गई। अमेठी कस्बे की जामा मस्जिद में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश इमाम मौलाना साजिद रजा ने खुतबा पढ़ा और कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में सौहार्द और भाईचारे की दुआ की नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई। लोगों ने अपने घरों में रिश्तेदारों और मित्रों को आमंत्रित कर इस्तकबाल किया। पारंपरिक मेहमाननवाज़ी के तहत सेवई सहित अन्य व्यंजनों से उनका स्वागत किया गया। त्योहार को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

शहर से लेकर गांवों तक पुलिस की सघन निगरानी रही। जामा मस्जिद सहित अन्य प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सका अधिकारियों ने भी विभिन्न स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और लोगों से मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** जनपद अमेठी में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिले भर के विभिन्न तहसीलों में नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु यह विशेष शिविर लगाए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम तिलोई तहसील में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता स्वयं जिलाधिकारी श्री संजय चौहान करेंगे। इस मौके पर आमजन की शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा वहीं, गौरीगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी करेंगे। अमेठी तहसील में यह कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की देखरेख में सम्पन्न होगा। इसके अलावा मुसाफिरखाना तहसील में संबंधित उपजिलाधिकारी समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ताकि समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार:** दादरा और पलिया रेलवे क्रॉसिंग के बीच स्थित रेलवे पोल संख्या 947/26 के पास एक अज्ञात बुजुर्ग महिला मालगाड़ी की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है खबर लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के गांवों में महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार महिला की उम्र लगभग 65 से 70 वर्ष के बीच लग रही थी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई अपने परिजन के लापता होने की जानकारी दे सके तो शिनाख्त में सहायता मिल सकती है।

## मुंशीगंज :पेड़ से लटका मिला शव युवक का शव

**मुंशीगंज अमेठी अमृत विचार:** शनिवार सुबह मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गांव के पास स्थित एक आम के बाग में 18 वर्षीय युवक चंद्रिका का शव एक पेड़ से गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना पर परतोष चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि चंद्रिका मानसिक रूप से परेशान था और अविवाहित था। थाना अध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# परिवार रजिस्टर स्कैनिंग में देरी से ग्रामीण परेशान

आशीष तिवारी ,सिंहपुर-अमेठी

**अमृत विचार :** विकास खंड सिंहपुर में कुल 58 ग्राम पंचायतें है। जिनमें से 43 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर ढाई माह पहले ब्लॉक से जिले पर कंप्यूटराइज्ड स्केन होने के लिए भेजे गये थे। शेष बचे 11 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर अभी भी स्केन होने के लिए जिले पर भेजना बाकी है।

30 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर जिले से स्कैन होकर तो आ गये। लेकिन 17 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर आज भी जिला मुख्यालय पर रुके हैं। ढाई माह से भी अधिक समय से सभी 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण परिवार रजिस्टर नकल के लिए ब्लॉक मुख्यालय सिंहपुर के चक्कर काट रहे हैं। परिवार रजिस्टर की नकल जिसे कुटुंब रजिस्टर नकल भी कहा जाता है। जिसका उपयोग विभिन्न सरकारी कार्यों में अनिवार्य रूप से किया जाता है। जैसे निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाना,आधार कार्ड,राशनकार्ड,और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि तमाम सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में आवेदन किये जाने पर परिवार रजिस्टर की नकल लगाना आवश्यक होता है। ग्रामीणों द्वारा ब्लॉक के संबंधित विभागीय जिम्मेदारों से जानकारी करने पर उन्हें बताया जाता है कि अभी जिले से परिवार रजिस्टर स्कैन होकर नहीं आया है। इस संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि शासन से नामित एजेन्सी द्वारा परिवार रजिस्टर का कंप्यूटराइज्ड स्कैन किया जा रहा है।

वहीं,कार्यदायी एजेन्सी का कहना है कि जब तक ब्लॉक सिंहपुर के शेष बचे 11 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर जिले पर स्कैन होने के लिए नहीं आ जाते तब तक काम करना मुश्किल है। दरअसल एजेन्सी एक साथ ही सभी ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टरों का कंप्यूटराइज्ड स्कैन करना चाहती हैं। जिला पंचायतराज अधिकारी ने कहा कि परिवार रजिस्टर नकल के इच्छुक लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे सभी लोग अपने पंचायत सहायक और सचिव को परिवार रजिस्टर की नकल प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थना पत्र सौंप दें। जिससे उन्हें एक सप्ताह के अंदर ग्राम पंचायत स्तर पर ही सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**लापरवाही**

▶▶ दो माह से 17 ग्राम पंचायतों के लोग काट रहे ब्लॉक के चक्कर

**लंबित 17 ग्राम पंचायतें**

इन्हौना, रस्तामऊ,कोटवा, चिलौली, टेढ़ई, मत्तेपुर,धीरापुर,राजापुर, भवानीपुर, अहोरवा भवानी, भानीपुर, डांगीवरवलिया,गढ़ी,महाबल, रामगंज, सिंहपुर, पन्हौना, खानापुर चपरा।

# गूढ़ा रजबहा में पानी की जगह उड़ रही धूल, किसानों में रोष


शिवगढ़ क्षेत्र में सूखा पड़ा गूढ़ा रजबहा।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गूढ़ा रजबहा में पानी की जगह धूल उड़ रही है। सिंचाई के संसाधनों के अभाव में अधिकांश किसान धान की नर्सरी करने से वंचित है। वहीं जिन लोगों ने जैसे तैसे नर्सरी डाल भी दी है वह पानी के अभाव में सूखने लगी है। इसको लेकर क्षेत्र के किसानों में सिंचाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, सपा युवजन सभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश, कांग्रेस पार्टी के भौसी न्याय पंचायत अध्यक्ष रामू रावत, गूढ़ा प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा, युवा सपा नेता श्रवण कुमार रावत आदि लोगों ने सिंचाई विभाग से गूढ़ा रजबहा में पानी छोड़े जाने की मांग की है। उनका कहना है कि जिन किसान भाइयों के पास सिंचाई का संसाधन हैं, उन्होंने तो धान की नर्सरी डाल दी है। लेकिन अधिकांश किसानों को रजबहा का ही मात्र सहारा है। सिंचाई का कोई अन्य संसाधन नहीं होने से आज भी नहर के पानी पर आश्रित है। रजबहा में पानी नहीं आने से अभी तक धान की नर्सरी नहीं कर डाल हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही गूढ़ा रजबहा में पानी नही छोड़ा गया तो सिंचाई विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामकिशोर मौर्य का कहना है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने का तो ढिंढोरा पीटती है, किन्तु सूबे की सरकार में ना ही किसानों को समय पर खाद मिल पाती है और ना ही सिंचाई के लिए पानी। ऐसे में किसानों की आय को दोगुना करना सिर्फ हवाहवाई ही है। इस बाबत जब सिंचाई विभाग के एई अमित सिंह राठौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 20 जून तक नहर बंदी है। अभी मेन कैनाल में ही पानी नहीं आ रहा है। साफ सफाई का कार्य चल रहा है। सम्भवतः 20 जून के बाद नहर में पानी छोड़ा जाएगा।

## 13 वर्षीय बालक की नदी में डूबने से मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी,अमृत विचार :** थाना शुकुल बाजार क्षेत्र अंतर्गत पूरे गोडियन मजरे संसारपुर गांव में मवेशी चराने गए 13 वर्षीय लोकेश पुत्र ननकू की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार के शाम की बताई जा रही है। लोकेश रोज की तरह गांव के बाहर बकरियों को चराने गया था। इस दौरान वह नजदीकी नदी में नहाने लगा, लेकिन गहराई का अंदाज़ा न होने के कारण वह पानी में डूब गया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में ग्रामीणों एवं गोताखोरों के मदद से देर रात नौ बजे नदी में उसका शव बरामद किया। शुकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मंदिर में मांस मिलने पर बवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**संग्रामपुर अमृत विचार :** क्षेत्र के शीतलागंज में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री के घर के सामने स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मांस का टुकड़ा मिलने की घटना के बाद हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी देखी गई। इसे गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने शनिवार को शीतलागंज स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मंदिर परिसर में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष ने विहिप के प्रखंड मंत्री बद्री प्रसाद सोनी से पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साज़िश है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से दोनों संदिग्धों के विरुद्ध शीघ्र और सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

▶▶ दलित परिवार से मिलकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी सांत्वना

मंदिर परिसर में अराजकतत्वों द्वारा मांस के टुकड़े फेंके जाने की घटना के मद्देनज़र शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए एक दरोगा और एक सिपाही की ड्यूटी भी लगाई गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने शीतलागंज से पूरे राम चौहान गांव पहुंचे, जहां बीते दिनों गला रेतकर की गई युवक सागर की हत्या के मामले में मृतक के परिजनों से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी। मृतक की बहन आरती ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस लापरवाही बरत रही है। वहीं, मृतक की मां ने बिलखते हुए बेटे के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई।

**कृषि संकल्प अभियान** — सहकारिता मंत्री ने बेहटा कला में किसानों से किया संवाद, दो को दी ट्रैक्टर की चाबी

# किसानों को मजबूत कर रही केंद्र और प्रदेश सरकार : जेपीएस राठौर

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली


सहकारिता मंत्री को भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार किसानों के सपनों को हकीकत में बदलने का काम कर रही है और उनके जीवन स्तर को समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार की कई योजनाएं संचालित हैं। उक्त विचार प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बेहटा कला गांव में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान मेला में व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शिरकत करते हुए सराय बैरिया खेड़ा गांव के अमरेंद्र सिंह व लल्लेश्वर सिंह को ट्रैक्टर की चाबी सौपी। उन्होंने पांच किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, लालगंज जिला सहकारी बैंक की ओर से पांच लोगों को रुपे कार्ड, 10 को बीज किट और दो किसानों को सोलर पंप प्रदान किए।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत एक विकसित कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जा रहाहै। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के लिए कृषि बजट पिछली सरकारों से पांच गुना बढ़ाकर एक लाख 25 हजार करोड़ रुपया कर दिया है। भारत में कृषि विकास दर लगातार बढ़ती जा रही है। मोदी सरकार कृषि को हरियाली में बदलने का काम कर रही है। आज किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि यंत्र आसानी से मिल रहे हैं, जिसके जरिए किसान समृद्ध और सक्षम हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के नारे को कोड करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उसमें जय अनुसंधान को जोड़ने का काम किया है, जिसके चलते वैज्ञानिक तरीकों से किसानों को समृद्ध करने का काम मोदी सरकार कर रही है। राहुल गांधी के बयान नरेंद्र सरेंडर पर उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं और पाकिस्तान के मामले में नरम रुख अपनाते हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी के नेतृत्व में भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, बीडीसी अनंत विजय सिंह, बीके सिंह, विजय सिंह और विमल तिवारी ने सहकारिता मंत्री को भगवान श्री राम की अद्भुत प्रतिमा भेंट करते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया।सरेनी पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ही किसानों की हितैषी है। स्वतंत्रता के बाद से किसान हित में आज तक सबसे अधिक काम बीजेपी की सरकारों ने ही किया है। जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हित के लिए कटिबद्ध है।उसी के चलते गांव गांव किसान की समृद्धि के लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सहकारी बैंक चेयरमैन विजय प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह बबलू ,राघवेंद्र प्रताप सिंह, शिवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामू सिंह, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ योगेश प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### डीसीए के लिए तन मन व धन से समर्पित हूं : मौनी महाराज


क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते पीठाधीश्वर बाबूगंज मौनी महाराज।

**अमेठी, अमृत विचार :** ड्रीम चेजर्स क्रिकेट एकेडमी में जिला क्रिकेट संघ अमेठी की ओर आयोजित प्रथम स्व निर्मला मौर्या स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन पीठाधीश्वर बाबूगंज सगरा आश्रम मौनी महाराज ने किया। मौनी महाराज ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए सभी की तरक्की उन्नति प्रगति की कामना की। उन्होंने हर स्तर पर जिला क्रिकेट संघ अमेठी के साथ खुद को खड़ा रहने आश्वासन दिया, संघ सचिव ने सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामना प्रेषित की। निदेशक प्रांजल तिवारी ने मैनेजमेंट टीम को अच्छे आयोजन के लिए बधाई दी। पहला मैच ड्रीम चेजर्स क्रिकेट अकादमी और उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। उड़ान क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 312 रन बनाये। उड़ान क्रिकेट अकादमी से निखिल जायसवाल ने शतक लगाया। निखिल ने 119 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान ऋतिक शंकर ने 37 रन व शिवम ने 41 रन बनाये। ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से नैना चौरसिया ने 2 विकेट और नितिन मौर्या, सौरभ, नैतिक एवं अतुल ने एक एक विकेट लिए। जवाबमे उतरी ड्रीम चेसर की टीम खबर लिखें जाने तक 12 ओवर में पांच के गंवाकर 46 रन बनाए थे। मुख्य रूप से संघ के सचिव राजेश तिवारी निदेशक प्रांजल तिवारी उपाध्यक्ष मुकेश यादव,गोविंद मौर्य कोच अमित तिवारी,खिलाड़ी प्रेमी एवं खिलाड़ी गण मौजूद रहे।

### बहू और नातिन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बहू और सोलह वर्षीय नातिन संदिग्ध परिस्थितियों में आभूषण लेकर लापता हो गई सास की शिकायत पर पुलिस में एफआईआर दर्ज की है। संग्रामपुर के कटरा उत्तरगांव निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी बहू घर से नातिन को साथ लेकर फरार हो गई। पीड़िता का आरोप है कि घर में रखे कीमती आभूषण मंगलसूत्र, झुमकी, पायल, बिछुआ, हाथ मेहंदी, सोने की अंगूठी, माथबेंदी, कमर करधन,बेटे की सोने की अंगूठी और 10 हजार रुपए नगद बिना कुछ बताए लेकर फरार गई है। सुबह जब घर के लोग उठे तो देखा कि बहू और नातिन घर पर नहीं थीं। परिजनों ने आसपास के खेत और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन कहीं से कोई सूचना नहीं मिली। बहू के मायके फोन किया तो पता चला कि वे दोनों वहां भी नहीं पहुंचीं। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर मामले की शिकायत संग्रामपुर पुलिस से की गई है कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया सास के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### 47 लीटर कच्ची शराब बरामद

**शुकुल बाजार अमेठी, अमृत विचार :** अवैध शराब विरोधी प्रवर्तन अभियान के तहत रविवार को अमेठी जनपद में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन में एसपी तथा जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में गठित संयुक्त टीम ने शुकुल बाजार क्षेत्र के ग्राम पुरे शुक्लन का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी।दबिश के दौरान थाना बाजार शुक्ल के ग्राम पुरे शुक्लन का पुरवा से लगभग 47 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि करीब 150 किलोग्राम लहन (महुआ) को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 3 अभियोग दर्ज किए गए। इसके साथ ही टीम द्वारा क्षेत्र में स्थित आबकारी दुकानों एवं ईंट भट्टों का भी सघन निरीक्षण किया गया, जिससे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके कार्यवाही के दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनसे अपील की गई कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या विक्रय होता है,इस अभियान में आबकारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा (क्षेत्र-3) के नेतृत्व में प्रधान आबकारी सिपाही तीरथनाथ व शमशेर कुमार, तथा आबकारी सिपाही सर्वेश कुमार एवं संजय सरोज सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### दबंगों ने युवक की पिटाई, चार पर मुकदमा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मांगलिक कार्यक्रम में हुई कहासुनी के बाद दूसरे दिन दबंगों ने गांव पहुंचकर युवक की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। भुक्तभोगी युवक ने चार के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के हसनगंज मजरे ओया गांव की है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के झखरी मजरे खैरहना गांव में राम रतन यादव के यहां ब्रह्म भोज था, जहां हसनगंज गांव निवासी बलवंत यादव उर्फ आकाश पुत्र शिव बहादुर यादव भी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। किसी बात को लेकर महराजगंज थाना क्षेत्र के ढोड़े का पुरवा गांव निवासी मोनू पहलवान ने कहासुनी के बाद गाली-गलौज की। लोगों के बीच बचाव कराने पर मामला शांत हो गया। इसी को लेकर मोनू पहलवान शनिवार की दोपहर अपने साथियों अजय, शैलेन्द्र व संदीप के साथ हसनगंज आकाश के घर पहुंचकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी आकाश को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद भुक्तभोगी युवक की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।मामले में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि भुक्तभोगी युवक की तहरीर पर चार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### पत्नी, साला सहित दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** पत्नी, साला व अन्य दो अज्ञात लोगों के द्वारा घर में घुसकर चोरी करने एवं मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पूरे नाथू निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली डलमऊ में कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी रेनू, साला आशीष एवं दो अज्ञात लोगों के द्वारा घर में घुसकर उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया। अलमारी में रखी हुई नगदी भी चोरी कर ली गई। घटना बीती 21 मार्च की है। दो माह बीत जाने के बाद जब कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर डलमऊ कोतवाली में पत्नी रेनू, साला आशीष निवासी सराय लखानी थाना डलमऊ एवं अन्य दो अज्ञात पर चोरी एवं अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### ट्रक की टक्कर से पिकअप के उड़े परखच्चे

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** महराजगंज-दुसौती मार्ग पर चंदापुर थाने के गांव रामपुर चौराहे के पास ट्रक और पिकअप की टक्कर हो गई। इसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गए। ट्रक भी रोड के नीचे गड्ढे में उतर गया। गनीमत रही कि दोनों गाड़ियों में बैठे लोगों में किसी को नुकसान नहीं हुआ। घटना शुक्रवार देर रात की है। रामपुर चौराहे पर दुसौती के तरफ से आ रहे ट्रक ने महराजगंज की ओर से आम लाद कर जा रही पिकअप में टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर से पिकअप की लोडिंग बाडी उखड़कर खेतों में जा गिरी। जिससे उसमें लदे आम सड़क पर ही बिखर गए। टक्कर के बाद ट्रक भी सड़क से उतरकर गड्ढे में चला गया। वही पिकअप चालक सुशील गुप्ता को मामूली चोटे आई। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में मौजूद लोगों को कोई चोट नहीं आई। वही ड्राइवर घटना के बाद ट्रक छोड़कर मौके पर से फरार हो गया। चंदापुर थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### चाचा-भतीजी में मारपीट, तीन घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** जमीनी विवाद में चाचा भतीजी के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोंनो पक्षों से तीन लोग घायल हो गये। दोंनो पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है। पटेरवा तिराहा निवासी राम प्रसाद का उसकी भतीजियों रेखा, रेनू व पूनम से जमीन बंटवारे का विवाद काफी समय से चल रहा है। शनिवार की देर रात रामप्रसाद ने विवादित जमीन पर निर्माण किये जाने की सूचना पीआरवी को दी। पीआरवी मौके पर पहुंची तो निर्माण किये जाने की बात झूठ निकली। जिसके बाद इसी बात को लेकर दोंनो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें एक पक्ष से पूनम तथा दूसरे पक्ष से रामप्रसाद व उनकी पत्नी अनीता घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, आवश्यक विधिक कार्रवाई जा रही है।

### विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर चोरी

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ टिकरिया में अज्ञात चोरों ने कमरे की कुंडी काटकर उसमें रखा सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। प्रभारी प्रधानाध्यापक रूपेश चंद्रपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कमरे की कुंडी काटकर उसमें रखें दो सीलिंग फैन , एक बड़ा भगोना उठा ले गए। इसकी जानकारी होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी व जगतपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

# फावड़ा मारकर चचेरे नाना ने नाती को उतारा था मौत के घाट

## सीसीटीवी फुटेज में दो बार घर आते-जाते लोवर टी शर्ट में दिखा हत्यारोपी

संवाददाता, रायबरेली



हत्या का खुलासा करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी नाना।

**अमृत विचार।** पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए चचेरे नाना को गिरफ्तार कर लिया है। चचेरे नाना ने अपने नाती को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के पांचवें दिन पुलिस ने इसका खुलासा कर गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि काफी दिन से मृतक तेज बहादुर से रंजिश रखता था। बता दें कि बीती तीन जून को महराजगंज कोतवाली क्षेत्र हलोर गांव में एक युवक का शव खून से लथपथ मिला था। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा लिखकर आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई थी। पुलिस की छानबीन में मृतक का चचेरा नाना ही उसका हत्यारा निकला। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी बेटी की शादी 18 अप्रैल 2025 को थी, जिससे मृतक तेज बहादुर ने अफवाह फैलाई कि उसकी बेटी ने जहर खा लिया है। यह बात ससुराल पहुंच गई थी। किसी तरह मान मनौव्वल के बाद उसकी बेटी की शादी हुई। जिसके बाद से ही राम मनोहर ने तेज बहादुर को ठिकाने लगाने की सोच लिया था। हत्यारोपित राम मनोहर आक्रोश में था। तीन जून हत्याकांड के दिन सुबह पहले राम मनोहर ने शराब पी फिर तेज बहादुर पर नजर बनाए रखा। जैसे ही मृतक का भाई प्रदीप व दो अन्य मजदूर किसान के पास से घर को चले गए, तभी हत्याआरोपी राम मनोहर किसान तेज बहादुर के पास जा पहुंचा। तेज बहादुर का ध्यान पिपरमेंट की टंकी की चिमनी में मिट्टी लगाने में था, तभी राम मनोहर ने उसके नलकूप में बने कमरे से फावड़ा उठाया और मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद वह साइकिल लेकर पास के ही अपने ट्यूबवेल पर जाकर ट्यूबवेल की हौज में नहाने लगा। घर पहुंचकर किसान ने कपड़े बदले और दूसरे कपड़े पहनकर हलोर प्रधान रिंकू चौधरी के पास पहुंचकर घटना की जानकारी दी। मामले में प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। हत्यारोपित राम मनोहर की बेटी कृतिका पटेल हलोर गांव में ही पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है। तेज बहादुर की पत्नी रीना ने बताया कि उसका पूरा परिवार शादी के कई दिनों पहले से बाद तक उसके पूरे कार्यक्रम में सहयोग में जुटा रहा। हमें नही पता था कि चचेरे नाना राम मनोहर उसके पति को मार डालने की सोच रखे हैं। किसी को आशंका न हो इसलिए वह दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल था। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि आरोपी ने ही हत्या करने की बात कबूली।



तेज बहादुर (फाइल फोटो)।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का लटकता मिला शव

नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव कमरे में लटकता मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के परैया नमकसार निवासी भीम शंकर मौर्य का विवाह करीब 12 वर्ष पहले सुनीता निवासिनी कुम्हिआईमा से हुआ था। रविवार की सुबह सुनीता ने कमरे के अंदर बांस में गमछा बांधकर फांसी लगा लिया। काफी देर तक दरवाजा बंद रहा तो घर के सदस्यों ने खुलवाने का प्रयास किया। अनहोनी की आशंका होने पर किसी प्रकार दरवाजा खोला गया तो अंदर उसका शव बांस से लटकता मिला। मृतका का एक बड़ा बेटा अंश (11) और बेटी अंशी (6) का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका का पति भीम शंकर बाहर रहता था। 25 अप्रैल को घर आया था। बताते हैं कि शाम को पत्नी सुनीता से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। भीम शंकर ने ससुराल वालों को सुबह घर पर बुलाया था। लेकिन सुनीता के माता पिता के आने से पहले अनहोनी हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएचसी गेट के सामने मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बछरावां, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने सड़क पर लावारिस अवस्था में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह किसी काम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान जब अस्पताल के गेट के ठीक सामने सड़क पर एक व्यक्ति को पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना बछरावां थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों में शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां पर डॉ. गणनायक पांडे ने चिकित्सीय परीक्षण करने के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नगर पंचायत के शव वाहन से रायबरेली भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी थी।

## सई नदी किनारे मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट स्थित सई नदी के किनारे एक किशोर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। शनिवार सुबह तीन दोस्त सई नदी के तट पर नहाने गए हुए थे। जिसमें एक साथी का शव नदी किनारे मिला तो हड़कंप मच गया। परिजनों का आरोप है उनके बेटे विनीत सोनकर पुत्र टांडा निवासी उत्तरी दरवाजा निकट रेलवे स्टेशन की हत्या की गई है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जयपुर में युवक की सड़क हादसे में मौत

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के दशवंतपुर गांव के युवक की जयपुर, राजस्थान में सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। युवक की सड़क दुघर्टना में असमय मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।

उक्त गांव निवासी शिवकुमार सिंह के इकलौते पुत्र रिंकल सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान में एक सड़क निर्माण कराने वाली निजी फर्म की गाड़ी चलाते थे। बीते शनिवार को हाइवे निर्माण के समय किसी काम से गाड़ी से नीचे उतरे रिंकल को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सहकर्मियो ने आनन-फानन घायल रिंकल को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सहकर्मियो ने रिंकल की मौत की सूचना उनके परिजनों को दी। रिंकल की मौत की सूचना मिलते ही हाहाकार मच गया। युवक की असमय मौत से गांव में मातम छाया हुआ है। उसकी एक बहन की शादी हो गई है। वहीं दूसरी बहन की शादी के लिए रिश्ता ढूंढ़ा जा रहा था। वहीं मृतक के एक तीन वर्षीय बेटी व एक बेटा है। माता-पिता व पत्नी व बच्चों का इकलौता सहारा छिनने से सभी का रो रोकर बुरा हाल है। युवक की असमय मौत की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों ने युवक के घर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कस्बे के सरस्वती नगर मोहल्ला निवासी सूरज शर्मा (28) शनिवार की सुबह घर के भीतर कमरे में पंखे के हुक से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक का पत्नी व भाई से अक्सर विवाद होता था। जिसके चलते अवसाद में आकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। उसके भाई दीपक शर्मा ने पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया घरेलू कलह के चलते युवक के फांसी लगाने की बात सामने आई है, मामले की जांच की जा रही है।

### जमीन विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**ऊंचाहार, रायबरेली।** जमीनी विवाद में चचेरे भाइयों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरे गुलाब मजरे कंदरांवा गांव निवासी इरफान अली का परिवार के लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। शनिवार को मस्जिद नमाज अदा करके घर लौट रहा था, इसी बीच आरोप है कि चचेरे भाइयों ने लाठी डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में नदीम, वकीम व राजिया बानो के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल, रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** अज्ञात कारणों से चलती ट्रेन में युवक नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसे पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार सुबह प्रतापगढ़ से लखनऊ जा रही एक ट्रेन में बैठा युवक अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस घायल व बेहोश युवक को बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है।।

### खड़ी रोडवेज बस से टकराकर बाइक चालक घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** रविवार को जगतपुर के मुख्य चौराहे पर चारबाग डिपो की रोडवेज बस चौराहे पर सवारियों को उतार रही थी। तभी ऊंचाहार की तरफ से एक अधेड़ बाइक लेकर आया और रोडवेज बस में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के चिकित्सक जितेंद्र ने बताया कि घायल की पहचान नहीं हो सकी। जिसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि रोडवेज बस को हिरासत में लिया गया है। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।

# सदर विधायक ने सोलर बेस्ड आरओ वाटर प्लांट्स का किया लोकार्पण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के चार क्षेत्रों में सोलर बेस्ड आरओ वाटर प्लांट्स का लोकार्पण, शुद्ध पेयजल की दिशा में सदर विधायक ने बड़ा कदम उठाया है। शहर के रतापुर, मलिकमऊ, गोरा बाजार एवं राजकीय कॉलोनी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर बेस्ड आरओ वाटर प्लांट्स का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन नव निर्मित प्लांट्स का लोकार्पण रविवार को सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा किया गया।

प्रत्येक प्लांट की लागत 12 लाख 50 हजार है। ये सभी संयंत्र सौर ऊर्जा पर आधारित हैं, जिससे इनका संचालन पर्यावरण के अनुकूल व ऊर्जा दक्ष रहेगा। इन आरओ प्लांट्स की स्थापना से संबंधित क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अब शुद्ध व सुरक्षित पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। लोकार्पण अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इन संयंत्रों के माध्यम से शहरवासियों को शुद्ध जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी सुविधाएं विस्तार में लाई जाएंगी। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मीडिया व पुलिस की संयुक्त टीम ने जीता क्रिकेट मैच

संवाददाता, रायबरेली



विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत करती डीएम हर्षिता माथुर।

**अमृत विचार।** पं. मोती लाल नेहरू स्टेडियम में रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

क्रिकेट मैच रायबरेली पुलिस, मीडिया व रायबरेली के डॉक्टरों की टीम के बीच खेला गया। इन दोनों टीमों ने मैदान पर न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी मजबूत किया। मैच में दो टीमें आमने-सामने थीं। एक ओर रायबरेली के डॉक्टरों की टीम, जबकि दूसरी ओर रायबरेली मीडिया और पुलिस एवं प्रशासनिक अन्य विभागों के अधिकारी, दोनों पक्षों ने खेल के प्रति उत्साह और समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया। टॉस के बाद डॉक्टरों की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में डॉक्टरों की शानदार बल्लेबाजी रही। 15 ओवर के निर्धारित खेल में डॉक्टरों की टीम ने 125 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया और पुलिस की संयुक्त टीम ने शानदार बल्लेबाजी कर मैच को रोमांचक कर दिया। अंततः 15 ओवर में उन्होंने 126 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस आयोजन के लिए एसपी डॉ. यशवीर सिंह और डीएम हर्षिता माथुर की सराहना की गई। जिनके नेतृत्व और प्रेरणा ने इस मैत्री मैच को संभव बनाया। यह आयोजन न केवल खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी मेलजोल को भी प्रोत्साहित किया।

त्योहार | इबादतगाहों में नमाज में उमड़े लोग, घरों में खूब बने पकवान

# धूमधाम से मनाई गई बकरीद, एक-दूसरे को दी बधाई



ईद-उल-अजहा पर गले मिलकर बधाई देते वरिष्ठ सपा नेता डा. शशिकांत शर्मा।



नमाज के बाद गले मिलते लोग। अमृत विचार



ईद-उल-अजहा पर पैदल मार्च करते पुलिस कर्मी।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद-उल-अजहा की नमाज शनिवार की सुबह अता की गई। इस दौरान सभी ने अमन चैन खुशहाली व भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए हर मस्जिद और ईदगाह पर पुलिसबल की तैनाती रही।

न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता डॉ. शशिकांत शर्मा ने डबल फाटक स्थित ईदगाह पर नमाज़ के बाद लोगों को इत्र लगाकर और गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उनके द्वारा लगाए गए स्टाल पर नमाजियों को शरबत एवं पानी का वितरण किया गया। उन्हों कहा कि यह त्यौहार त्याग, बलिदान एवं समर्पण की स्मृति में मनाया जाता है। हमें सभी के साथ सद्भावना व भाईचारे का व्यवहार करना चाहिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, राजीव सिंह, शिवेंद्र सिंह, फैज़ान खान, जसवंत प्रधान, राजू यादव, केके गुप्ता, रज्जू खान, मो. आसिफ (कमरुद्दीन), बलवंत राणा, कामरान, तौफ़ीक़ खान, गिरीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर के निर्देशन में समस्त थानों के प्रभारी व पुलिस बलों ने आज विभिन्न बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त, रूट मार्च तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की। पुलिस टीमों द्वारा जगह-जगह पर लोगों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की भी विशेष निगरानी की गई। वहीं भदोखर थाना प्रभारी दयानन्द तिवारी द्वारा खागीपुर संडवा मे पैदल मार्च किया गया। एम्स चौकी इंचार्ज समय सिंह, दारोगा पवन यादव, दुर्गा यादव, मनोज, सतेंद्र, अनूप यादव, संजय मौजूद रहे।

### अकीदतमंदों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के महराजगंज, बावन बुजुर्ग बल्ला, इमामगंज, थुलवासा, कोटवामदनिया, पारा कला, हलोर सहित सभी ईदगाहों में अकीदमंदों ने अमन चैन की दुआ मांगी। उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि क्षेत्र की सभी मस्जिदों और ईदगाह में ईद की नमाज शान्तिपूर्ण ढंग से अता की गई है। सभी जगह आपसी प्रेम, सौहार्दपूर्ण भाईचारे का माहौल रहा। कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही है। कस्बे के मोहम्मद अनवार, अनस सिद्दीकी, बाबू मुस्तकीम, अली अमजद, अलीम, सहित दर्जनों युवाओं ने मिलकर अमन चैन की दुवा मांगी।

### ईद-उल-अजहा की नमाज में उमड़े लोग



ईद-उल-अजहा पर नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के रनापुर पहरौली, लोदीपुर, मुस्तकीमगंज, हरीपुर मिर्दहा, भितरी, पाहो, सगुनी, बरौंडी, कस्बा खीरों आदि गांवों के मुस्लिम समाज के अकीदमंदों ने शनिवार को सुबह ईद उल अजहा की नमाज अता की। इस दौरान सभी ने देश में अमन चैन खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। त्यौहार को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए थाना क्षेत्र की हर मस्जिद और ईदगाह पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय के साथ कई राजस्व निरीक्षक और लेखपाल भी मौजूद रहे। पुराना खीरों मस्जिद में हाफिज कैसर रजा नूरी ने नमाज की अगुवाई की। नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय ने बताया कि खीरों क्षेत्र में सभी मस्जिदों और ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है।

### अकीदत के साथ अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज



शिवगढ़ में नमाज के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई देते लोग।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व परम्परागत तरीके से गंगा-जमुनी तहजीब के साथ हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिद्दत के साथ मनाया गया। क्षेत्र की बैंती, शिवगढ़, असहन जगतपुर सहित तीन ईदगाहों के साथ ही 16 स्थानों पर सुबह नमाज अदा की गई। शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद उल अजहा की दिली मुबारकबाद दीं। उन्होंने कहा कि शिवगढ़ क्षेत्र हमेशा से ही आपसी प्रेम और भाईचारे की मिसाल रहा है। ग्राम पंचायत बैंती स्थित मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद असीर ने बताया कि यहां हर पर्व पर हिंदू-मुस्लिम एक साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं। यहां हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल देखने को मिलती है। इस अवसर पर शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विन्ध्य विनय, एसएसआई रामबृज, एसआई बाबू सिंह, एसआई भूपेन्द्र नेवात, मुख्य आरक्षी अजय प्रताप वर्मा, मुख्य आरक्षी शिवकुमार, प्रतिभा सिंह, लेखपाल विपिन मौर्य, एडवोकेट गौरव मिश्रा, नीशू सिद्दीकी, युवा सपा नेता सिरताज रैनी, रेहान, मोहम्मद आलम, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद कादिर अली, शौकत अली, मोहम्मद जहीर, रज्जू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आरोग्य मेले में 67 मरीज का उपचार



आरोग्य मेले में रोगी का जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 67 मरीजों का उपचार किया गया। रविवार को जगतपुर के हरदी टीकर पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। डा. सुफैल अहमद की देखरेख में 67 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिसमें 34 पुरुष, 25 महिलाएं व 8 बच्चों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में सुगर, बीपी, हाइपरटेंशन, एनीमिया, पेट दर्द, सिर दर्द, सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार व डायरिया के आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। उपचार के बाद मरीजो को निशुल्क रूप से दवाई दिया गया।

### बभनपुर से निकाली गई कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**नसीराबाद, रायबरेली।** बभनपुर के बाबा परमान तिवारी धाम में श्री मदभागवत कथा का आयोजन किया गया। 14 जून तक श्री मदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा आयोजित की जाएगी। कथा व्यास धर्मेश हरि महाराज अयोध्या ने बताया कि रविवार को कलश यात्रा बभनपुर से प्रारम्भ होकर मां भूमि रानी बेवल तक निकाली गई। पूजा करने के तत्पश्चात शाम को भक्तों को श्री मदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा सुनाई जाएगी। आयोजक हौशीला प्रसाद यादव, ध्रुवराज, राजेश पंचायत मित्र, रमेश, शिवम, कृष्णा, सार्थक, राधेश्याम, विश्राम, विनोद, श्यामसुंदर, निर्मला देवी आदि सभी लोग मौजूद रहे।

### बैलगाड़ी प्रतियोगिता : सुरेश के बैल रहे सबसे अव्वल



बैलगाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते किसान। अंमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर में आयोजित एक दिवसीय बैलगाड़ी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। बैलगाड़ी प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए पशुपालकों ने अपनी बैलगाड़ी दौड़ाकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के आयोजक राजेश कुमार यादव, संजय तिवारी, विवेक द्विवेदी, सुभाष, अर्जुन यादव, महादेव, पुत्ती लाल आदि लोगों का कहना था कि आज से नहीं आदिकाल से बैलों की जोड़ी किसानों के जीवन का अहम हिस्सा रही है। राष्ट्र की उन्नति में बैलगाड़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैलगाड़ी प्रतियोगिता आज से नहीं प्राचीनकाल से चली आ रही है बदलते परिवेश में भले ही बैलों की अपेक्षा हो रही है किन्तु कुछ पशुपालन आज भी आयोजित होने वाली बैलगाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके अपने क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। चार राउंड की प्रतियोगिता में कुल 10 बैल गाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहला पुरस्कार में साइकिल, दूसरे पुरस्कार में पंखा और तीसरे पुरस्कार में स्टील की टंकी रखी गई थी। प्रतियोगिता में कृषक सुरेश कुमार यादव अनुपगंज थुलवासा की बैलगाड़ी ने पहला स्थान अर्जित किया। वहीं सुरेश यादव महपतगंज ने दूसरा तथा अनुज यादव बिसयानी का पुरवा थाना मिलएरिया की बैलगाड़ी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। बैलगाड़ी प्रतियोगिता को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लोगों ने पशु पालकों का जमकर उत्साह वर्धन किया।

### सर्वेन्द्र प्रताप बने राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के जिलाध्यक्ष



कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार की दोपहर राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के निर्देशन में संस्था की बैठक सतांव विकासखण्ड के पोरई गांव स्थित कार्यालय पर अवनेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्व सम्मति से अनिल गुप्ता को प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश एवं अधिवक्ता सर्वेन्द्र प्रताप सिंह को जनपद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही प्रतीक सिंह को जिला उपाध्यक्ष और आदर्श गुप्ता को जिला सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने बैठक में सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण ईमानदारी से वैधानिक रूप से लोगों के हितों की रक्षा करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे एवं शोषितों व वंचितों को उनके अधिकार दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में संरक्षक कैप्टन तेज बहादुर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र एवं संस्था का परिचय पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवनेंद्र बहादुर सिंह ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में संस्था के उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के अध्यक्ष ललित गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण शंकर मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ किरन देवी, हिमांशु वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जांच दल अधिकारी देवेश सिंह चौहान, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### मंत्रोच्चार के साथ भगवान बजरंगबली मंदिर की स्थापना



पूर्व विधायक राकेश सिंह को भगवान बजरंगबली की प्रतिमा भेंट करते आयोजक गण।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रसिद्ध धार्मिक पीठ बाबा बाल्हेश्वर धाम के पास भगवान बजरंगबली के भव्य मंदिर की स्थापना हुई है। शनिवार को धार्मिक मंत्रोचार के बीच भगवान बजरंगबली की मूर्ति की स्थापना की गई। इस दौरान देर शाम तक प्रसाद वितरण किया गया। रात में रायबरेली के कीर्तनकार शशि राज कमल और कानपुर की कीर्तन कारा क्रांति माला के बीच जमकर मुकाबला हुआ, जिसमें दोनों कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर आधारित कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने दोनों कीर्तन कलाकारों को सम्मानित किया। कहा कि भाजपा सरकार में धार्मिक कार्यक्रमों की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। लोग सनातन धर्म की ओर फिर से चल निकले हैं। पिछली सरकारों ने हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति पर कुठाराघात करने का काम किया था। इसीलिए उन सरकारों को जनता ने नकार दिया है। आज भाजपा की सरकार ने विंध्याचल धाम, बाबा विश्वनाथ की नगरी बनारस, अयोध्या आदि को सजाने संवारने का काम किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक राकेश सिंह के द्वारा श्री बाल्हेश्वर बाबा धाम में श्रद्धालुओं को धूप से बचने के लिए विशाल टीन शेड का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर सीओ अनिल कुमार सिंह, पूर्व प्रधान राजकिशोर सिंह बघेल, विवेक दुबे, अवनीश पांडेय, विजय सिंह, आदर्श सिंह बघेल, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, स्वदेश यादव, आनंद कुमार, सूरज वर्मा, उन्नत कुमार, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा, उत्तम मिश्रा, मोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

-फेसबुक वॉल से

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।


ईदगाह में अमनचैन की दुआएं मांगते नमाजी। फोटो : अमृत विचार


ईदगाह में नमाज अता करते नमाजी। फोटो : अमृत विचार

# इस्लाम में किसी को ठेस पहुंचाने की कतई इजाज़त नहीं

## ईदुल अज़हा पर उलेमाओं की सीख, शहर की ईदगाह के अलावा दूसरी मस्जिदों में भी अदा की गई नमाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईदुल अज़हा को बकरीद और सुन्नत-ए-इब्राहिम भी कहा जाता है। शहर की ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आफताब आलम मज़ाहिरी ने नमाज़ से पहले ईदुल अज़हा के बारे में कुछ बातें कहीं, उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि खुदा को नेक कमाई और नेक नियत से कराई गई कुर्बानी ही कुबूल है। कुर्बानी में दिखावा करना या किसी को कमतर समझना गलत है, जो लोग ऐसा करते है, उन्हें समझना चाहिए कि इस्लाम में किसी को ठेस पहुंचाने की कतई इजाज़त नहीं दी गयी है।

मुफ्ती मज़ाहिरी ने सुन्नत-ए-इब्राहिम के बारे में तफसील से समझाया। उन्होंने कहा कि हरामकारी से दूर रहते हुए अपने अंदर की बुराइयों को खत्म करना और नफ्स को मारना भी कुर्बानी ही है। उसके बाद जामा मस्जिद में मुफ्ती वकील अहमद कासिमी ने ईदुल अज़हा के बारे में बयान किया, उसके बाद नमाज अदा कराई। साथ ही शहर की दूसरी मस्जिदों में भी ईदुल अज़हा की खास नमाज अदा की गई। नमाज़ के बाद सारे नमाजियों ने बारगाह-ए-खुदा में हाथ उठा कर और गिड़गिड़ाते हुए न सिर्फ अपने लिए, बल्कि पर-परिंदों तक की बेहतरी और मुलुक की सलामती की दुआएं मांगी।

**चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की निगरानी: हरदोई।** ईदुल अज़हा को ले कर शहर के अलावा गांव-गांव में पुलिस का चुस्त-दुरुस्त बंदोबस्त किया गया था। एसपी नीरज कुमार जादौन खुद ही पल-पल की टोह लेते रहे, साथ ही अपने मातहतों की मानीटरिंग करते रहे। उसके अलावा सीओ सिटी अंकित मिश्रा, सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह, सीओ सण्डीला सत्येंद्र सिंह, सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह, सीओ शाहाबाद अनुज कुमार मिश्रा, सीओ हरपालपुर शिल्पा कुमारी और सीओ बघौली अपने-अपने सर्किल में अपनी टीम के साथ पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

**ज़िम्मेदारी पर खरी उतरी टीम दि अंजुमन इस्लामियां: हरदोई।** ईदुल अज़हा को ले कर दि अंजुमन इस्लामियां की टीम ने पूरी ज़िम्मेदारी से अपने कामों को अंजाम तक पहुंचाया। सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद, जनरल सेक्रेटरी हफीज़ अहमद खां के अलावा अंजुमन के सारे ज़िम्मेदार अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी पर डटे रहे और खरे उतरे।


बकरीद की बधाई देते डीएम-एसपी। अमृत विचार


मेले में गुब्बारे खरीदते बच्चे। अमृत विचार

### क्या है सुन्नत-ए-इब्राहिम

**हरदोई।** हजरत इब्राहिम के लिए हुक्म हुआ कि अल्लाह तआला के लिए वो अपने बेटे को कुर्बान करें, चूंकि बात अल्लाह तआला की राह में कुर्बानी देने की थी, हजरत इब्राहिम ने बगैर कुछ सोचे-समझे अपने लाडले बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला कर लिया, उन्होंने अपने बेटे को जमीन पर लिटाया और अपनी आंखों में पट्टी बांध कर गर्दन पर छुरी चला दी, लेकिन जब आंखों से पट्टी उतारी तो क्या देखते है कि उनके बेटे की जगह पर दुंबा जिबह हुआ पड़ा है और उनका बेटा हजरत इस्माइल अलग खड़े मुस्कुरा रहे है, उसी वक्त आसमान से आवाज आई कि ऐ इब्राहिम अल्लाह तआला ने तुम्हारी कुर्बानी कुबूल कर ली है। तभी से सुन्नत-ए-इब्राहिम यानी ईदुल अज़हा मनाई जाती है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सौहार्द के साथ संपन्न हुई नमाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में ईद-उल अजहा की नमाज शान्तिपूर्ण और सौहार्द के साथ अता की गई।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार बकरीद पर्व को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज संपन्न हुई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंचे। ईदगाह में शनिवार की सुबह 6:30 नमाज संपन्न कराई गई। इस मौके पर मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआएं मांगी गई। तत्पश्चात सात बजे नगर के मध्य पुरानी गल्ला मंडी स्थित जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज संपन्न हुई। यहां पर इमाम मकसूद हुसैन ने नमाज से पहले तकरीर अदा की।

पिहानी संवाददाता के अनुसार कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में ईदुल अजहा की नमाज अता की गई। अमनचैन की दुआ के लिए उठे लाखों हाथ विकासखंड पिहानी के ग्रामीण क्षेत्र जहानी खेड़ा के पिपरिया गांव में भी शांतिपूर्वक नमाज अता की गई, वहीं ग्राम पण्डरवा किला में ईद उल अजहा की नमाज अता की गई।

मल्लावां संवाददाता के अनुसार शनिवार को ईदगाह बगदाद में ईद-उल अजहा की नमाज इमाम ऐ ईदगाह मौलाना रिजवान साहब ने मुल्क में अमनचैन और हिंदू-मुस्लिम एकता की दुवाओं के साथ अता कराई। बघौली संवाददाता के अनुसार कस्बे में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। कस्बे के छोट्टनपुरवा स्थित ईदगाह में शनिवार सुबह से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया।

# मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या कर शव नहर में फेंका

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर का संचालक अचानक ही लापता हो गया, घर वाले उसे ढूंढने लगे, पुलिस को तहरीर दी, तहरीर देने के अगले दिन सुरसा पुलिस ने उसका शारदा नहर से बरामद कर लिया। घर वाले उसकी हत्या करने का आरोप लगा रहे थे, रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें उसकी हत्या कर शव पानी में फेंकने की बात सामने आई है। उधर उसी मामले में साण्डी पुलिस पूर्व प्रधान को हिरासत में लेते हुए छानबीन तेज़ कर दी है।

बताया गया है कि हरपालपुर थाने के बांसी गांव निवासी 25 वर्षीय सचिन राजपूत पुत्र यदुनंदन फार्मेसिस्ट का डिप्लोमा किए हुए था, नौकरी न मिलने पर उसने साण्डी के चौधरियापुर तिराहे पर मेडिकल स्टोर खोल रखा था, शुरुआत में वह रोज़ घर आता-जाता रहा, लेकिन बाद में वहीं रुकने लगा। सचिन के बड़े भाई योगेश राजपूत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सचिन मोबाइल दुकान पर ही छोड़ कर कहीं लापता हो गया, तब से उसकी तलाश की जा रही थी, जब कोई हल नहीं निकला तो साण्डी पुलिस को तहरीर दी गई। शनिवार की शाम सुरसा पुलिस ने शारदा नहर के मझिला पुल के पास उसका शव पड़ा होने की सूचना दी। सचिन की हत्या कर उसका शव नहर मे. फेंका गया, पिता यदुनंदन और भाई के ऐसे आरोप के चलते पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए कई लोगों को हिरासत में लेते हुए उससे पूछताछ शुरु कर दी है। इधर रविवार को सुरसा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसकी रिपोर्ट में उसकी दाहिनी पसली टूट कर लीवर में घुसने और उसी से लीवर फटने से मौत होने की बात कही गई है। उसके अलावा उसकी बाई ठोड़ी धारदार हथियार से कटी हुई थी, सिर के पीछे वार भी पाया गया। कहा गया है कि हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंका गया था।

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को दबोचा


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**हरदोई।** पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में उसने हत्या करने की बात कुबूल की। पुलिस के मुताबिक सचिन राजपूत हत्यारोपी रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार पुत्र सेवाराम निवासी सुभाष नगर कोतवाली शहर जोकि लोनार के मानीमऊ गांव में रहता है, की पत्नी से सचिन राजपूत अक्सर बातें किया करता था, रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार को इसका पता चला तो वह डिप्रेशन में रहने लगा। उसी के चलते उसने खौफनाक स्क्रिप्ट तैयार करते हुए शुक्रवार को उसने सचिन को बहानेसे साण्डी तिराहे पर बुलाया, उसके बाद उसे अपने साथ ले गया और हत्या करने के बाद अपने साथियों की मदद से शव नहर में फेंक दिया। रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार ने आगे बताया कि वारदात को झुठलाते हुए उसने चोरी के मोबाइल से सचिन के घर वालों को मैसेज भेजे, ताकि किसी को उस पर शक न हो। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# एक ने ससुराल तो दूसरी ने मायके में की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के मुहुईपुरी निवासी जदुनाथ ने साल 2017 में अपनी 28 वर्षीय पुत्री गीता की शादी शाहाबाद कोतवाली के नगला भगवान निवासी अजय उर्फ मोनू के साथ की थी, गीता के दो बेटियां है। शनिवार की दोपहर गीता ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। पिता जदुनाथ का आरोप है कि घरेलू झगड़े के चलते ससुराल वालों ने गीता की हत्या कर शव लटका दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर शाहाबाद कोतवाली के बरेउरी निवासी रामबरन की 25 वर्षीय पुत्री करिश्मा की शादी ढ़ाई साल पहले शाहजहांपुर ज़िले के अल्हागंज निवासी पवन कुमार के साथ की थी। करिश्मा करीब 15 दिनों से मायके में ही थी, वहीं उसने ऐसा कदम उठाया। करिश्मा ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में परिजन नहीं बता पाए।

# भाई से खफा बहन और पत्नी से विवाद पर पति ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घरेलू बात पर भाई ने बहन को डांट दिया, जिससे खफा है कर उसने कमरें के अंदर अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली। वहीं युवक का उसकी पत्नी से झगड़ा हो गया, उसी के चलते उसने अपने गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली देहात के भरिगवां निवासी 45 वर्षीय कमलेश पुत्र बाबू अपने तीन भाइयों में छोटा था, उसकी शादी सीमा के साथ हुई थी, लेकिन शादी के 25 साल होने के बाद भी उसके बच्चे नहीं हुए, जिससे पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ करता था। कमलेश के भाई गजोधर ने बताया कि शुक्रवार की रात दोनों के बीच झगड़ा हो रहा, लेकिन घर वालों के बीच-बचाव करने पर बात ज़्यादा आगे नहीं बढ़ी। शनिवार की सुबह उसी बात पर दोनों के बीच बहस होने लगी। पत्नी से झगड़ कर पति कमलेश ने फांसी लगा ली। वहीं हरपालपुर थाने के ज्योरी चंद्रमपुर निवासी महबूब अली अपनी पत्नी नसीबा और छोटी बेटी आफरीन के साथ दिल्ली में रहता था, उसके चार बेटे है, जो गांव में रहते है, उन्ही के साथ 17 वर्षीय बड़ी बेटी अफरोज़ भी गांव में ही रहती थी। शनिवार को अफरोज़ को उसके भाइयों ने डांट दिया, उसी के चलते उसने कमरा बंद कर वहां दुपट्टे से फांसी लगा ली। काफी देर बाद कमरें का दरवाज़ा नहीं खुला, भाइयों ने कमरें में झांका तो वहां अफरोज़ का शव फांसी पर लटकता हुआ दिखाई दिया। कमरें के दरवाज़े अंदर से बंद थे, उसकी खिड़की की जाली तोड़ कर शव बाहर निकाला गया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

**सर्पदंश से किसान की मौत: हरदोईः** मल्लावां कोतवाली के सुमेरपुर निवासी अशोक कुमार (35) पुत्र जगन्नाथ पेशे से किसान था। अशोक शनिवार को अपने खेत पर धान की पौध सींच रहा था, उसी बीच उसे सांप ने काट लिया। परिजन अशोक को सीएचसी ले गए, वहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया, जहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

# माइनर के किनारे खेत में पड़ा मिला शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नशे की लत के चलते इधर-उधर घूमने वाले युवक का शव माइनर के किनारे खेत में पड़ा देखा गया। पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। रविवार की दोपहर कोतवाली देहात के खेरौली गांव के बाहर माइनर के किनारे खेत में एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। शव की शिनाख्त कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी अनिल कुमार यादव पुत्र भोला नाथ यादव के रूप में की गई। अनिल नशे का आदी था, उसके मां-बाप की काफी पहले मौत हो चुकी थी, बड़ा भाई रामशरण यादव पंजाब नगर निगम में नौकरी करता है।छोटे भाई सुनील की साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी थी। नशे के चलते अनिल की शादी नही हुई थी, वह गांव में अकेले रह कर इधर-उधर घूमा-फिरा करता था।

# गर्भवती की मौत, दोनों पक्षों में नोकझोंक

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी हास्पिटल में गर्भवती की मौत के बाद उसके मायके वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बताया गया है कि कोतवाली शहर के बिलग्राम चुंगी लक्ष्मीपुरवा निवासी चंदन गुप्ता की 26 वर्षीय गर्भवती पत्नी पिंकी गुप्ता को शुक्रवार की शाम बिलग्राम रोड पर एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज होने लगा, वहीं शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही शाहजहांपुर से उसके मायके वाले आ गए और ससुराल वालो पर आरोप लगाया कि इलाज में उनकी लापरवाही के चलते उसकी मौत हो गई। इस तरह का आरोप लगाए जाने से पिंकी के ससुराल आपे से बाहर हो गए, उसी के चलते दोनों के बीच नोंकझोंक होने से बवाल शुरु हो गया। पिंकी की करीब तीन साल पहले शादी हुई थी, उसके एक डेढ़ साल की बेटी भी है। पिंकी का मायक शाहजहांपुर ज़िले के बंडा खुटार में बताया गया है, उसके पिता का नाम जगतपाल बतायि गया है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आया बुज़ुर्ग, मौत

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाने के खेरिया निवासी कमल किशोर दीक्षित (73) खेती-बाड़ी करता था। शनिवार की शाम कमल किशोर रोज़ की तरह घर से टहलने निकला और टहलते हुए रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया, उसी बीच अचानक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सार-संक्षेप

### बंद पड़े मकान में लगी आग भगदड़ मची

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** दिलेर गंज जिला स्वर्गीय अरुण गुप्ता के बंद पड़े मकान में अचानक आग लग गई। आग का धुआं उठने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अज्ञात कारणों से आग लगने की बात कही जा रही। बंद मकान में काफी पेड़ और घास उग आई थी। ईद की नमाज के दौरान क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय भी मौके पर पहुंचे। अरुण गुप्ता का परिवार और उनके समस्त भाई अलग-अलग मकान में रह रहे हैं इस बंद पड़े मकान में बड़ी संख्या में घास और झाड़ियां तैयार हो गई जिनमें अचानक आग लग गई। आग लगने और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

### खेल-खेल में छात्र गर्रा नदी में गिरा, डूबने से हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी थाने के नोनखारा कसहा निवासी जलालउद्दीन का आठ वर्षीय पुत्र समीर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। भाइयों में एक बड़ा और एक उससे छोटा व दो बड़ी बहनें है। शनिवार को समीर अपने पिता के लिए खेत पर खाना ले गया था, वहीं से उछलते-कूदते हुए वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्तें में उसने गर्रा नदी में नाव पड़ी देखी, वह उसमें बैठने लगा, तभी अचानक वह नदी में गिर कर गहरे पानी में डूब गया। इसका पता होते ही उसे बचाने की कोशिश की जाने लगी, लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक की गर्रा नदी में डूब कर मौत

**संवाददाता, सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** बरौली पुल से नदी में कूदे युवक का दूसरे दिन गोताखोरों ने शव बरामद किया, जिसे पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के कोले गांव निवासी 35 वर्षीय सोनू पुत्र रामसागर गुरुवार की शाम बरोली पुल से गर्रा नदी में छलांग लगा दी थी इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश करनी शुरू कर दी थी शनिवार की सुबह गोताखोरों ने नदी से उसका शव बरामद कर लिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कोतवाली के रामनगर कुकुही निवासी 50 वर्षीय संजय गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की एक केमिकल फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह दो भाइयो में छोटा था, उसके परिवार में पत्नी रेनू के अलावा तीन बेटे ललित, शिवम व पकंज और एक बेटी अंजलि है। संजय गुप्ता शुक्रवार की शाम को ड्यूटी करने के बाद बाइक से वापस आ रहा था, उसी बीच एनएच-731 पर पेप्सिको के कुछ आगे पेट्रोल पंप के पास उसे पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसी बीच हाई-वे पर पेट्रोलिंग कर रही एम्बुलेंस-1033 से उसे सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

### लखनऊ जोन की अंडर-16 टीम में हुआ कृष्णा का चयन


गेंदबाज कृष्णा

**हरदोई, अमृत विचार।** सक्सेस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी कृष्णा प्रजापति का चयन लखनऊ जोन की अंडर-16 टीम में हो गया है, जिससे खिलाडियों में खुशी की लहर है। कृष्णा प्रजापति लेफ्ट आर्म स्पिनर गेंदबाज है तथा नीर गांव का निवासी है। पिता लाल बहादुर आटो ड्राइवर हैं। कोच सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि 9 तथा 10 तारीख को लखनऊ में ये मैच आयोजित किए जाएंगे। अगर इसमें भी कृष्णा का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो आगे स्टेट लेवल के ट्रायल्स में भी इनका सिलेक्शन हो सकता है। जिसके बाद उत्तर प्रदेश की अंडर-16 क्रिकेट टीम बनती है जोकि बीसीसीआई की विजय मर्चेंट अंडर-16 ट्रॉफी खेलती है। उन्होंने बताया कि कृष्णा दो वर्षों से एकैडमी रेगुलर प्रैक्टिस कर रहे हैं। अकादमी इनको निशुल्क कोचिंग प्रोवाइड कराती है। कोच ने उसके प्रदर्शन की सराहना की।

### चिकित्सा शिक्षा को लेकर हुआ गोष्ठी का आयोजन


गोष्ठी में बोलते अचल अग्रवाल।

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के एक होटल में जनपद में चल रही चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सक डा. अजय सिंह ने कहा कि बदलते समय में चिकित्सा शिक्षा लगातार उपयोगी होती चली जा रही है। जिले में भी चिकित्सा शिक्षा की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। गोष्ठी में जिले में चिकित्सा एवं शिक्षा क्षेत्र में और अधिक सुधार लाने को लेकर विचार विमर्श हुआ। मीनू इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के चेयरमैन अचल अग्रवाल ने चिकित्सा एवं शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्री अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों बीएससी नर्सिंग की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उनके संस्थान में काउंसलिंग हेल्प डेस्क बनाई गई है, जिस पर छात्र-छात्राएं काउंसलिंग प्रक्रिया करा सकते हैं। संस्थान यह सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है। संस्थान के अनुज गुप्ता ने काउंसलिंग संबंधी बारीकियों के बारे में अवगत कराया। गोष्ठी में डा. सीपी कटियार ने चिकित्सा शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं। इस मौके पर बालाजी हास्पिटल के आशीष माहेश्वरी मौजूद रहे।

### उफ! फिर बढ़ा पारा, गर्मी से लोग हुए बेहाल


सिर ढक कर धूप का बचाव करती युवतियां।

**हरदोई, अमृत विचार।** लगातार गर्मी का बढ़ना जारी है। इंसान से लेकर पशु-पक्षी तक भयंकर गर्मी से परेशान हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु पालकों के सामने जानवरों को पानी पिलाने व नहलाने की समस्या आ रही है। गांव के तालाब सरकार के दर्जनों आदेशों के बाद सूखे पडे.हुए हैं। तेज धूप के चलते दोपहर में मुख्य बाजारों तक में सन्नाटा छाया रहता है। मौसम वेधशाला प्रभारी के अनुसार जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया। वहीं चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं ने दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा कर दिया। लोग जरूरी काम से ही सिर ढक कर ही बाहर निकलते दिखाई दिए। गर्मी की मार के चलते शीतल पेय की दुकानों पर ग्राहकों की आमद सामान्य दिनों से अधिक रही।

**सामूहिक विवाह** | सनमानी वैश्य समाज सेवा समिति के आयोजन में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवान ने की शिरकत, नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

# एक दर्जन जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, किया साथ निभाने का वादा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सनमानी वैश्य समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित दहेज रहित सामूहिक विवाह समारोह में एक दर्जन जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाली तथा एक दूसरे के साथ जीवन है यापन करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री रामजी की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ विवाह समारोह की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल रहे। श्री अग्रवाल ने नव दंपति को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में वह भी समाज के साथ हैं उन्होंने हर संभव सहयोग की घोषणा करते हुए कहा कि वैसे भी देश की अर्थव्यवस्था वैश्य समाज पर ही टिकी हुई है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा बेटी शक्ति का स्वरूप है बोझ नहीं उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एक दर्जन वेदियों पर यजवानों ने मंत्रोचार के साथ भावंरे डलवाई विधिवत पूजा अर्चना के साथ एक दर्जन सामूहिक रूप से शादियां संपन्न हुई लोगों ने पुष्प वर्षा कर नव दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर ने पहुंचकर नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान सन्मानी वैश्य सेवा समिति के तीनों अध्यक्ष क्रमशः प्रकाश चंद्र गुप्ता श्याम कुमार गुप्ता टीटू राम किशोर गुप्ता गुड्डू के अलावा पूर्व पालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल पूर्व राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल पूर्व मंडी अध्यक्ष मनीलाल शाह, कैलाश नारायण गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पीके गुप्ता व विजय गुप्ता मौजूद रहे।


विवाह संपन्न कराते आचार्य। अमृत विचार



समारोह में मंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**समिति ने जोड़ों को दिए उपहार: हरदोई।** सनमानी वैश्य समाज के सामूहिक विवाह में प्रत्येक वर वधू को बेड, गद्दा, चादर, तकिया, कंबल, प्रेशर कुकर, गैस चूल्हा, बखारी, सीलिंग फैन, बक्सा , वाटर कूलर, डिनर सेट, प्रेस, टिफिन सेट, ट्रॉली बैग 11 बर्तनों का सेट मंगलसूत्र सोने का, कान की बाली सोने की, नाक का फूल सोने का, पायल बिछिया, छह साड़ी, लहंगा, मेकअप बॉक्स, शेरवानी, पगड़ी, टी-सेट, लेमन सेट समेत खाद्य सामग्री प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप प्रदान की गई।

सामूहिक विवाह समारोह में 12 जोड़े एक दूसरे के हुए जिन जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा उसमें कपिल गुप्ता पूर्णिमा गुप्ता राजीव गुप्ता दुर्गा गुप्ता मोहित गुप्ता रजनी गुप्ता सचिन गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता आशीष गुप्ता दुर्गा गुप्ता मुकेश गुप्ता मणि गुप्ता लकी गुप्ता शिखा गुप्ता संदीप कुमार गुप्ता दीपावली गुप्ता प्रांशु गुप्ता निशा गुप्ता विकास गुप्ता शालिनी गुप्ता रोहित गुप्ता प्रियंका गुप्ता अनुराग गुप्ता सरस्वती गुप्ता ने एक दूसरे के गले में वरमाला डालकर एक दूसरे का परिग्रहण किया और अपना जीवनसाथी बनाया।

### धूमधाम से निकाली बारात

सनमानी समाज सेवा समिति के बैनर तले दहेज रहित सामूहिक विवाह में सनमानी धर्मशाला रेलवे गंज से एक साथ दर्जन भर बारात राम जानकी मंदिर के लिए रवाना हुई। जिसमें बैंड बाजे, हाथी घोड़ा तथा ऊंट बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। एक दर्जन सजी हुई कारों पर अलग-अलग वर सवार थे।

# पत्नी की सूचना पर अवैध पेट्रोल व डीजल बरामद

## घरेलू हिंसा की शिकार महिला ने दी थी जानकारी, 300 लीटर पेट्रोल और 190 लीटर डीजल पकड़ा गया

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार:** औरास के अदौरा गांव में घरेलू हिंसा से पीड़ित पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवैध पेट्रोल-डीजल बिक्री के कारोबार खुलासा किया है। पुलिस ने 300 लीटर पेट्रोल और 190 लीटर ड्रमों में भरा डीजल बरामद कर इसकी सूचना पूर्ति निरीक्षक को दी। जिलाधिकारी से अनुमति के बाद रविवार को पति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर उसके नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।



औरास थाने में रखे गए बरामद ड्रमों की जांच करती पुलिस व अन्य। अमृत विचार

बता दें कि शनिवार देरशाम औरास थानाक्षेत्र के अदौरा गांव निवासी नूरहसन पुत्र हमीद ने अपनी पत्नी अमीना को पीटा था। जिसका बच्चों ने विरोध किया तो उसने बच्चों की भी पिटाई कर दी। इस पर विवाद बढ़ गया तो पत्नी की चीख सुन लोग वहां पहुंच गए। तभी पत्नी की सूचना पर पीआरवी पहुंची तो अमीना ने पति के डीजल-पेट्रोल की बिक्री के अवैध कारोबार की बात पुलिस को बताई। इस पर एसओ भुवन सिंह मौर्य फोर्स के साथ पहुंचे और घर की तलाशी ली। तलाशी में वहां छिपा कर रखा गया 300 लीटर पेट्रोल व 190 लीटर डीजल बरामद हुआ। सूचना पर पूर्ति निरीक्षक दिनेश यादव भी पहुंचे और जांच की। पुलिस नूर हसन को थाने लाई जहां उससे पूछताछ की। उसने बताया कि वह हाईवे से ट्रकों व टैंकरों से चोरी का ईंधन खरीदता है फिर उसे गांव में बिक्री करता है। पूर्ति विभाग व पुलिस को इसमें मिलावट किए जाने की भी आशंका है। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। चर्चा है कि नूर हसन केमिकल से मिलावटी दूध भी तैयार कर बेचता था। लेकिन पुलिस की सख्ती के बाद उसने यह कार्य बंद कर दिया था। एसओ भुवन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी से अनुमति मिलने पर रविवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पति के अवैध संबंधों के शक में होता था झगड़ा

**औरास, अमृत विचार :** पूरे मामले के खुलासे के बाद गांव में चर्चा है कि नूर हसन अक्सर घर से गायब रहता था। इसे लेकर पत्नी विरोध करती थी। उसे शक था कि पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं। बताते हैं कि शुक्रवार रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। इसके बाद शनिवार को बात मारपीट के बाद पुलिस तक पहुंच गई और पूरे काले कारोबार का खुलासा हो गया।

## गर्भवती महिला को घर में घुसकर पीटा चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में एक गर्भवती महिला को घर में घुसकर पीटने और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फत्तेपुर निवासी सुधीर की पत्नी रुचि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 जून को वह घर पर अकेली थी, तभी बाबा खेड़ा निवासी विमल, विमलेश, अंकित और शैलेन्द्र जबरन घर में घुस आए। चारों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और फिर मौके से फरार हो गए। उसने बताया कि वह दो माह के गर्भ से है। गंगाघाट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### हीट स्ट्रोक से युवक की मौत होने का अनुमान

**कार्यालय, संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** ससुराल से लौट रहे युवक की रास्ते में अचानक हुई मौत पर पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने से ऐहतिहातन बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं परिजन युवक की मौत हीट स्ट्रोक से होने का अनुमान लगा रहे हैं। बता दें कि रायबरेली जिले के खीरो थानाक्षेत्र के बखत खेड़ा गांव निवासी अनिल लोध (32) पुत्र सीधई लाला मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। शनिवार को वह बिहार थानाक्षेत्र के सुल्तानपुर गांव स्थित अपनी ससुराल आया था। जहां से लौटते समय थानाक्षेत्र के सुमेरपुर तिराहे के पास अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर उसने बाइक किनारे खड़ी की और अचेत हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही पत्नी आरती व मां शिवकुमारी बेहाल हो गई। चाचा पूरन के मुताबिक अनिल दो भाई थे। जिसमें बड़े भाई की बीमारी से पहले मौत हो गई थी। अनिल के दो बेटियों में मृतक के आकांक्षा (6) व हिमांशी (3) हैं। पिता बिहार प्रांत में ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। कोई जाहिरा व अंदरूनी चोट भी नहीं मिली। इस पर ऐहतिहातन बिसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों में अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक से मौत होने की चर्चा रही। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है।

### किसान को मारपीट कर किया घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थानाक्षेत्र के आटमन्नू खेड़ा गांव निवासी विकास चन्द्र पुत्र बसंतलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 5 जून की दोपहर करीब 12 बजे खेत जोतकर ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। तभी गांव के चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के जीतू पुत्र स्व. मूलचंद्र उसका अंकित ने ट्रैक्टर रोक लिया और उसे जबरन नीचे खींचकर डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसका किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है लेकिन दोनों भाइयों ने गांव में वर्चस्व व दहशत कायम करने के उद्देश्य से उस पर जानलेवा हमला किया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### पुलिस ने छापेमारी कर तीन जुआरियों को पकड़ा

**उन्नाव, अमृत विचार :** बारासगवर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर थानाक्षेत्र के तलिहई गांव मे जुएं की फड़ पर छापेमारी की। पुलिस को देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर श्यामू चौरसिया निवासी गांव मानपुर बीघापुर कोतवाली, विजय कुमार निवासी तलिहाई व कौशल कुमार निवासी गांव देवीपुर बीघापुर कोतवाली को पकड़ लिया। जामातलाशी में उनके पास 669 व फड़ से 1550 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए लोगों पर जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 4 जून को घर से अचानक गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिली, तो मोहल्ले के ही युवक शानू पर संदेह जताया गया। पिता का आरोप है कि शानू उनकी बेटी को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन घायल, हुए रेफर

संवाददाता, बांगरमऊ

**अमृत विचार:** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के अटवा अवैक गांव निवासी तेज कुमार (58) पुत्र मैकू लाल रविवार शाम साइकिल से बेहटा बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में संडीला मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगते ही बाइक भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और इमरान (35) पुत्र इसरार भी गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं, आसीवन थानांतर्गत लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर हादसे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। मियागंज सीएचसी से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बांगरमऊ के नसीमगंज निवासी चमन (35) पुत्र लल्लन बाइक से किसी काम से हसनगंज आया था। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से चमन गंभीर घायल हो गया। पीआरवी सिपाहियों ने घायल को एंबुलेंस से मियागंज सीएचसी भेजा।

## फंदे से लटककर ई-रिक्शा चालक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- दही थानाक्षेत्र के लोधनहार मोहल्ला की घटना

**अमृत विचार:** घर के आंगन में पड़े जाल में युवक को लटकता देख पहुंचे परिजन उसे नीचे उतार कर जिला अस्पताल लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी भेज दिया।

दही थानांतर्गत शहर के मोहल्ला लोधनहार निवासी रवि राजपूत (25) पुत्र राकेश शनिवार शाम घर के आंगन में पड़े लोहे के जाल में रस्सी के फंदे से लटक गया। किसी काम से पहुंची छोटी बहन शिवानी ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर मां सहित व दौड़े और उसे फंदा काटकर नीचे उतारकर जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही मां विमला, छोटा भाई शिवम व बहन शिवानी बेहाल हो गई। कल्याणी मोहल्ला में टेलर की दुकान किए पिता राकेश ने बताया कि घटना के समय वह दुकान में था और पत्नी अंदर कमरे में काम कर रही थी। बेटी बाहर गई थी। लौटने पर उसने बेटे को लटका देखा। पिता के मुताबिक रवि ई-रिक्शा चलाता था। छह माह पूर्व गिरने से उसके पैर में चोट आई भी और उसका ऑपरेशन कराया था। रवि नशे का



घटना के बाद बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

लती था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। ठीक होने के बाद वह बीते 15 दिन से फिर ई-रिक्शा चलाने लगा था और नशा भी कर रहा था।

## 25 लाख नकद और फार्च्यूनर मांगी, न देने पर ठुकरा दी शादी!

संवाददाता, हरदोई

**कार्रवाई**

- पुलिस ने स्वास्थ्य महकमें में तैनात एआरओ समेत 5 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य महकमें में तैनात एआरओ ने बरेली में तैनात स्टाफ नर्स के साथ शादी तय की, वरीक्षा हो गई, गोदभराई हुई नहीं उसी बीच दहेज़ में 25 लाख कैश और फार्च्यूनर गाड़ी की मांग की जाने लगी, लेकिन जब मांग पूरी न करने की बात सामने आई तो शादी ठुकरा दी गई। पहले तो आपस में पंचायत जोड़ कर हल निकालने की कोशिश की गई, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ, उसके बाद पुलिस को तहरीर देते हुए एआरओ, उसके मां-बाप और भाई-भौजाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बताया गया है कि बघौली थाने के छोट्टनपुरवा की स्वाती पुत्री सूबेदार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि साल 2022 में वह लखनऊ में जीएनएम की ट्रेनिंग करते हुए वहीं किराए के फ्लैट में रहती थी, उसी फ्लैट में रामपुर मजरा बरौली निवासी धनश्याम वर्मा उर्फ पकंज पुत्र रामेश्वर प्रसाद भी रहता था, पड़ोसी गांव के नाते उसका आना-जाना शुरु हो गया। स्वाती ने आगे कहा कि एक साल बाद वह लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करने लगी। पकंज ने उससे थोड़े-थोड़ेकर करीब एक लाख रुपये ले लिए, उसी बीच पकंज के बड़े भाई ओमप्रकाश ने उसके आगे पकंज से शादी करने की बात रखी, घर वाले भी राज़ी हो गए। अब क्या, अब तो शादी तय हो चुकी है, कह कर पकंज ने यौन शोषण शुरु कर दिया। 21 मार्च 2024 को स्वाती ने बरेली में स्टाफ नर्स की ड्यूटी ज्वाइन कर ली। उसके बाद 14 अगस्त 2024 को पकंज एआरओ के पद पर सीएचसी अहिरोरी में ज्वाइन हो गया। इसी साल 17 जनवरी को वरीक्षा हुई और 2 फरवरी को गोदभराई होनी थी, उसी बीच स्वाती की मां का निधन होने से गोदभराई की रस्म टल गई। पुलिस को दी गई तहरीर मे. आरोप लगाया गया है कि धनश्याम वर्मा उर्फ पकंज, उसके पिता रामेश्वर प्रसाद, मां रामरानी, बड़ा भाई ओमप्रकाश और ओमप्रकाश की पत्नी प्रीती वर्मा ने शादी में 25 लाख कैश और फार्च्यूनर गाड़ी की मांग रखी। पिता सूबेदार ने इतनी बड़ी मांग को ले कर बेचारगी ज़ाहिर की, लेकिन पकंज और उसके घर वाले अपनी ज़िद पर अड़े रहे। पंचायत भी जोड़ी गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला और सीधे बोल दिया गया कि मांग पूरी होने पर ही शादी होगी। बघौली पुलिस ने स्वाती की तहरीर पर धनश्याम वर्मा उर्फ पकंज, पिता रामेश्वर प्रसाद, मां रामरानी, भाई ओमप्रकाश और भौजाई प्रीती वर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 व दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## कंटेनर की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, ड्राइवर की जान गई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पाली थाने के निजमाखेड़ा बेहटी निवासी 35 वर्षीय राकेश पुत्र मान सिंह ई-रिक्शा चला कर अपना और अपने बच्चों का पेट पाल रहा था। शुक्रवार को वह अपना ई-रिक्शा अल्हागंज ले गया था, शाम को वहीं एक ढाबे पर खाना खाने जा रहा था, उसी बीच कंटेनर की ज़ोरदार टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया, राकेश उसके नीचे दब कर बुरी तरह से घायल हो गया। उसे वहां से ले कर फर्रुखाबाद के सरकारी हास्पिटल पहुंचाया गया, वहां से उसे लोहिया हास्पिटल रेफर कर दिया गया। रास्ते. में ही मौत हो गई। घर वाले उसका शव गांव ले लाए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी श्रीमती की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

### वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। राम नगर कुकुही निवासी संजय गुप्ता उर्फ लालू पुत्र राजाराम गुप्ता शुक्रवार रात करीब 10 बजे ओम केमिकल फैक्ट्री से काम करके बाइक से घर लौट रहे थे हरदासपुर गांव के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में संजय गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन उनके मौके पर पहुंचने से पहले ही संजय की मौत हो गई। मृतक संजय गुप्ता दो भाइयों में छोटे थे। वे मूल रूप से बेरुवा हथौड़ा के रहने वाले थे। काफी समय से रामनगर में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## यूट्यूब से सीखा फर्ज़ीवाड़ा और बन गया ग्राम विकास अधिकारी!

संवाददाता, हरदोई

**धरे गए**

- पुलिस की सख्ती के आगे उगल दिया लूट का सच

**अमृत विचार।** पुलिस ने दूध का दूध और पानी का पानी अलग-अलग करते हुए शाहजहांपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी का सारा फर्ज़ीवाड़ा बेनकाब कर दिया। चारे के खेत में बेहोश पड़ा शख्स जोकि ग्राम पंचायत अधिकारी बताया गया था। होश में आने के बाद उसने अपने साथ तीन लाख 6 हज़ार की लूट होना बताया, लेकिन एसपी के कड़े एक्शन पर सारा फर्ज़ीवाड़ा सामने आ गया। खुद उसी ने बताया कि उसने यूट्यूब से फर्ज़ीवाड़ा सीखा और फर्ज़ी ग्राम पंचायत अधिकारी बन कर आगे क्या हुआ, सारा किस्सा सामने रख दिया।



पकड़ा गया सनोज कुमार राठौर।

बताते चलें कि बेहटा गोकुल थाने के सिधौली निवासी सनोज कुमार राठौर पुत्र गंगा सिंह शाहजहांपुर के तिलहर में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात बताया गया था। वह शुक्रवार को ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था, लेकिन पहुंचा नहीं। उसके इस तरह से गायब होने से घर वाले डर गए और उसे ढूंढने लगे, लेकिन उनकी तमाम कोशिशों के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो शाहाबाद कोतवाली में तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसका पता होते ही एसपी नीरज कुमार जादौन ने सर्च आपरेशन के लिए कई थानों की पुलिस को तैनात किया। उसी बीच शनिवार की सुबह सनोज कुमार राठौर शाहाबाद कोतवाली के दाउदपुर में एक चारे के खेत में बेहोश पड़ा मिला। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां कुछ देर में उसे होश आया।

सनोज ने बताया कि उसके पिता ने खेत खरीदने के लिए रुपये मांगे थे, शुक्रवार को उसने शाहजहांपुर से तीन लाख 6 हज़ार रुपये निकाले और घर के लिऐ चल दिया, शाहाबाद पहुंच कर वह आटो से जा रहा था, उसी बीच बाइक पर सवार दो लोगों ने पीछे से उसके चेहरे को रुमाल से दाब दिया, उसके बाद क्या हुआ ? उसे कुछ नही पता। उसका बैग जिसमें रुपये थे, गायब है। इतना सब सुनने के बाद पुलिस को कुछ शक हुआ, उसने सख्ती की तो सनोज टूट गया और बताया कि दरअसल वह ग्राम पंचायत अधिकारी नहीं है, उसने यूट्यूब देख कर फर्ज़ीवाड़ा किया था। उसने लूट की बात भी झूठी बताई और कहा कि उसके साथ ऐसी कोई वारदात नहीं हुई। सनोज ने अपना फर्ज़ीवाड़ा आन कैमरा कुबूल किया है।

## ऑटो व बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, आधा दर्जन घायल

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां राघौपुर रोड पर कलेनापुर गांव के पास सीएनजी ऑटो और मोटरसाइकिल में विगत दिनों हुई टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। जिनमे दो लोगों की मौत हो गई ।मौत की सूचना जैसे परिजनों को मिली कोहराम मच गया।

शुक्रवार को कस्बा व थाना सांडी निवासी अशोक अपने ससुर गुड्डू निवासी धनीगंज मल्लावां के साथ सी एन जी ऑटो से थे । जैसे ही कलेनापुर गांव के पास पहुंचे सीएनजी ऑटो की टक्कर मोटरसाइकिल से हो गई। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे ।अशोक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। शनिवार की रात को मौत हो गई । उधर गुड्डू को मामूली चोट समझ कर परिजन अपने घर ले गए थे। जहां उनकी भी मौत हो गई । ससुर दामाद की मौत की सूचना जैसे परिजनों को मिली कोहराम मच गया। उधर थानाध्यक्ष बालेंद्र मिश्रा ने बताया कि अशोक के घायल होने की सूचना मिली थी। गुड्डू की कोई सूचना नहीं थी । उसकी जानकारी कराता हूं । लेकिन प्रार्थना पत्र में गुड्डू की भी मौत दुर्घटना से होना बताया गया है । उन्होंने बताया कि सिपाही भेजकर पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

### तेज रफ्तार ऑटो पलटा पांच यात्री घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बासित नगर के पास एक तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिसमें बैठे पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से तीन को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। शनिवार दोपहर 3 :30 बजे गुर्रा गांव में एक बारात में शामिल होकर रामलली 55 वर्ष निवासी सिकंदरपुर कल्लू, कलावती 60 वर्ष, रामेश्वर 65 वर्ष ग्राम कुतुवापुर, राजीव 30 वर्ष पिपरिया तथा रामकली 55 वर्ष निवासी कूड़ी ऑटो से आ रहे थे। जैसे ही आटो बासित नगर के पास पहुंचा ऑटो चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया जिससे आटो पलट गया। आटो में बैठे सभी यात्री घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से रामलली, कलावती, रामेश्वर को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रिफर किया गया।

## जरूरत मंदों को वितरित किए गए वस्त्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह की ओर से 50 जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरण किया गया। इस मौके प्रणाम नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्र से आये हुए जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से साड़ी, शर्ट पैंट, कुर्ता पैजामा, सूट आदि वितरित किये गये। तारकनाथ शर्मा व प्रियम मिश्रा कहते है प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह दुनिया से जो कुछ लेता है, कम से कम उसका बराबर हिस्सा दुनिया को वापस दे। इसी क्रम मे नारायण सेवा समूह अपने साथियो के सहयोग से हर माह एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा है. इस मौके पर राम स्नेही द्विवेदी मिथलेश मिश्रा प्रभुदयाल गुप्ता सुमेर सिंह संदीप अग्रवाल नरेश कुमार सोमेश सिंह नितिन मिश्रा संजय मिश्रा मनोज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



वस्त्र वितरित करते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

### लंबी बीमारी के चलते लोकतंत्र सेनानी रामदीन का निधन

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी में लोकतंत्र सेनानी रामदीन (85) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया जा रहा है कि लोकतंत्र सेनानी अपने पोते के साथ रह रहे थे। नायब तहसीलदार व इंस्पेक्टर की मौजूदगी में उनके पैतृक गांव पीरम खेड़ा ब्लॉक हरियावा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी रामदीन की रात में तबीयत बिगड़ी और घर पर ही अंतिम सांस ली। शनिवार सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पीरम खेड़ा स्थित घर पहुंचा। रामदीन की पत्नी रामेश्वरी की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। उनके दो बेटे हैं विमलेश व कमलेश है।



सेनानी रामदीन की फाइल फोटो।

### पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीज़

**हरदोई, अमृत विचार।** बघौली पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन कर रही जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कर उन्हे सीज़ कर दिया। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। बताया गया है कि शनिवार की रात बघौली पुलिस को सूचना दी गई कि नीभी में सारी रात जेसीबी मशीन से अवैध मिट्टी खनन उसे ट्रैक्टर-ट्राली से जाया जा है, इसका पता होते ही एसएचओ बघौली ब्रजेश मिश्रा ने अपनी टीम के साथ वहां छापामारी करते हुए एक जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर उन्हे सीज़ करते हुए जेसीबी मालिक अनुराग वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा निवासी छुट्टन पुरवा और धीरज द्विवेदी पुत्र राजकुमार द्विवेदी निवासी देवगन के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। पिहानी प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली पिहानी में खनन विभाग की टीम के अधिकारी अक्षय प्रताप सिंह, पिहानी कोतवाल विद्यासागर पाल व हलका इंचार्ज शुभम पांडेय ने शुक्रवार की देर रात शिकायत पर दबिश देकर मिट्टी खनन कर रहे एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को सीज कर दिया।

## छत पर सो रहे अधेड़ की नीचे गिर कर हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक 50 वर्षीय अधेड़ अपने मकान की छत पर सो रहा था, अगली सुबह जब घर वाले जागे तो उसे मरा हुआ नीचे पड़ा देखा। जैसा कि बताते है कि देर रात वह छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के नेकपुर नेवादा निवासी 50 वर्षीय धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र बच्चूलाल खेती-बाड़ी करता था। उसके परिवार में पत्नी उमादेवी के अलावा दो बेटी और एक बेटी परी है। धर्मेंद्र कुशवाहा रात में खाना खाने के बाद सोने के लिए रोज़ की तरह मकान की छत पर चला गया और वहीं सो गया। शनिवार की सुबह देखा गया कि वह अपने आंगन में मरा हुआ पड़ा था। उसके घर वालों का कहना है कि देर रात नींद टूटने पर वह नीचे उतर रहा होगा, उसी बीच लड़खड़ा कर नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता चल सकेगा।

## सारी रात ढूंढ़ा गया युवक, सुबह तारों में फंसा पाया गया शव



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

- तारों में फंस कर गर्दन कटने से हुई थी दर्दनाक मौत

**अमृत विचार।** पिहानी गया युवक वापस नहीं लौटा, घर वाले उसे सारी रात ढूंढते रहे, अगली सुबह देखा गया कि गांव के रास्तें पर उसका शव कंटीले तारों में फंसा हुआ और उसकी गर्दन कटी हुई थी। माना जा रहा है कि किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से उसकी बाइक तारों में घुसी और उसी से गर्दन कटने से मौत हुई।

बताया गया है कि पिहानी कोतवाली के कुंवरपुर बघेला निवासी 36 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र प्रिंसीपल के मकान की छत पड़ रही थी। उसी सिलसिले में वह शुक्रवार को बाइक से पिहानी गया हुआ था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। पति के देर तक घर न लौटने से परेशान उसकी पत्नी इधर-उधर तलाशने लगी, घर वाले ढूंढ रहे थे, उसी बीच शनिवार की सुबह जंगबहादुर गंज रोड पर कुंवरपुर बघेला रोड पर हरिहरपुर पुलिस बूथ के पास उसका शव सड़क के किनारे लगे कंटीले तारों में फंसा हुआ देखा गया, उसकी गर्दन कटी हुई थी। जैसा कि माना जा रहा है कि किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से सुशील की बाइक खेत में जा गिरी, उसी में कंटीले तारों में फंसने से उसकी गर्दन कट गई। इसका पता होते ही एसएचओ पिहानी विद्यासागर पाल अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और शव को कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।

# गंगा में डूबे दूसरे किशोर का मिला शव, मचा कोहराम

## आठ किलोमीटर दूर गंगा में उतराता मिला समीर का शव, बीते शनिवार को नहाने के दौरान डूबे थे चचेरे भाई

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

फॉलोअप

**अमृत विचार:** बकरीद के मौके पर गंगा नहाने गए पांच किशोरों में डूबे दो चचेरे भाइयों में से लापता किशोर समीर (14) का शव रविवार को घटना स्थल से करीब आठ किलोमीटर दूर शेखपुर नरी के पास गंगा में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। इससे पहले शनिवार को डूबे अनस (12) का शव बरामद कर लिया गया था।


समीर की फाइल फोटो।

उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर मोहम्मदिया मस्जिद के पास रहने वाले महबूब आलम (14), अहद (12), अशद (13), अनस (12) और समीर (14) शनिवार को बकरीद की नमाज अदा करने के बाद सभी दोस्त कानपुर के जेड स्क्वायर घूमने गए थे। दोपहर करीब एक बजे लौटते समय अनस और समीर के कहने पर सभी गंगा नहाने रेलवे पुल के नीचे पहुंच गए। नहाने के दौरान सभी पांचों किशोर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद पंडा मकरध्वज तिवारी ने तत्काल पानी में कूदकर तीन बच्चों को बाहर निकाल लिया, लेकिन अनस और समीर गंगा की तेज धारा में बह गए। गोताखोरों की टीम ने शनिवार को अनस का शव बरामद कर लिया था, लेकिन समीर का कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने एक बार फिर गोताखोरों की टीम को मोटर वोट के साथ गंगा में उतारा। तलाश के दौरान दोपहर करीब एक बजे समीर का शव शेखपुर नरी के पास उतराता मिला। शव मिलते ही पुलिस ने उसे आनंद घाट पहुंचाया। शव देखते ही चाचा लाला, चाची शबीना, बहन मुस्कान, चचेरी बहन सिमरन व भाई रियाज, बिलाल और शहनवाज रो-रोकर बेहाल हो गए।



नवीन पुल के पिलर पर प्रशासन की ओर से लिखवाई गई चेतावनी।


आनंद घाट पर परिजनों के साथ खड़ी गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

मौके पर पहुंचे बालूघाट चौकी इंचार्ज गजेन्द्र और बिंदा नगर चौकी इंचार्ज रविशंकर पांडे ने शव को पोस्टमार्टम भेजने की बात कही, लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समीर के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था और वह अपने चाचा लाला के साथ रहता था। समीर और अनस हमउम्र थे और एक-दूसरे के बेहद करीबी। दोनों की साथ में मौत से परिजन यही कहते रहे कि दोनों साथ आए थे और साथ ही चले गए। मोहल्ले में मातम का माहौल है।

**दो किशोर के डूबने के बाद प्रशासन ने पुल के पिलर पर लिखवाई चेतावनी:** शनिवार को गंगा नहाने के दौरान दो किशोर डूब गये थे। जिसे देखते हुये जिला प्रशासन ने घाट पर स्नान करने पर प्रतिबंध लगा रखा है। वहीं प्रशासन की ओर से पुल के पिलर पर नदी किनारे चेतावनी लिखवाई गई हैं, ताकि लोग सतर्क रहें और अनहोनी से बचा जा सके।

नवीन पुल के पिलर पर प्रशासन की ओर से चेतावनी लिखवाई गई है। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा है कि इस घाट पर कटान अधिक होने के कारण अत्यधिक गहराई है। यहां स्नान करना पूर्णतया वर्जित और सख्त मना है। जिला प्रशासन ने यह चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन निर्देशों का पालन करें। यह चेतावनी गंगा पुल के नीचे लगे एक खंभे पर लिखवाई गई है, जहां अक्सर लोग स्नान करने या फोटो खींचने के लिए आते हैं। प्रशासन का कहना है कि गंगा का जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। जिससे जल स्तर और बहाव दोनों बढ़ जाते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने चेतावनी का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। साथ ही स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे स्थलों पर बच्चों और बुजुर्गों को न जाने दें। वहीं जाजमऊ चंदन घाट पर भी कटान हो रही है। जिस पर जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनय यादव ने भी घाट पर चेतावनी लिखवाई है।

### किशोरों के डूबने पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गंगाघाट में रेलवे पुल के नीचे गंगा नदी में स्नान के दौरान हुए पांच किशोर गंगा में डूब रहे थे, जिसमें तीन को बचा लिया गया। वहीं दो गंगा में समा गये। इस हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक जताया है। एक्स पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी संदेश में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने हादसे की जानकारी लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समुचित इलाज सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने प्रशासन से पूरी सतर्कता के साथ राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने को कहा है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने गंगा में डूबने से बचाये गये तीन किशोरों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। गौरतलब है कि शनिवार को गंगा में स्नान के दौरान यह हादसा हुआ, जहां उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर मोहम्मदिया मस्जिद के पास रहने वाले महबूब आलम (14), अहद (12), अशद (13), अनस (12) और समीर (14) रेलवे पुल के नीचे गंगा नहा रहे थे। जिसमें अनस और समीर के डूबने की सूचना है। फिलहाल प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों के शव गंगा से निकाल लिया गया है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।


Chief Minister Office Uttar ...
16m
#UPCM MYogiAdityanath ने जनपद उन्नाव में गंगा में नहाने के दौरान हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

किशोरों के डूबने पर मुख्यमंत्री कार्यालय से एक्स पर किया गया ट्वीट।

## सार-संक्षेप

### रॉयल इन्फील्ड शोरूम के शुभारंभ पर लोगों ने की टेस्ट ड्राइव


शोरूम का शुभारंभ करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** करीब ढाई साल से बुलेट प्रेमियों को जिले में बाइक उपलब्ध न होने से कहीं न कहीं निराशा का सामना करना पड़ रहा था। करीब ढाई साल बाद रविवार को उन्नाव शहर के अकरमपुर क्षेत्र स्थित उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर श्री एएसए मोटर्स ने रॉयल इन्फील्ड के भव्य शोरूम की शुरुआत की। शोरूम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर किया। शोरूम मालिक आदित्य गुप्ता ने बताया कि उनके शोरूम में बुलेट बाइक की सभी रेंज उपलब्ध हैं। इनमें बुलेट 350, क्लासिक 350, गुरिला 450, मेटियोग 350 और कॉन्टिनेंटल जीटी 650 शामिल हैं। बताया कि पहले दिन करीब 10 बुलेट प्रेमियों ने बाइकों की बुकिंग कराई है।

### पीएचसी स्वास्थ्य मेले में 103 मरीजों का हुआ परीक्षण


स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 103 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, अमित कुशवाहा, सतीश कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### रथ यात्रा को भव्य बनाने को समिति की बैठक आयोजित



डीएसएम स्कूल में होती समिति की बैठक। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर में 27 जून को निकलने वाली श्रीमद भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को भव्य एवं सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने हेतु रविवार को श्रीमद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की द्वितीय बैठक राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का संचालन महामंत्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रथों की संख्या में वृद्धि की गई है, जिससे यात्रा अधिक भव्य रूप में निकले। समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस बार सभी सदस्य एक रंग के कुर्ता-पैजामा पहनकर यात्रा में सम्मिलित होंगे। इसके लिए श्रीकान्त पाण्डेय द्वारा कपड़े की व्यवस्था की जा चुकी है। बैठक में आशुतोष शुक्ला, कमल वर्मा, अरुण शुक्ला, अवनीश शुक्ला, मिथलेश बाजपेयी, श्याम नारायण मिश्रा, सुरेश चन्द्र बाजपेयी, नितिन दीक्षित, रजत गुप्ता, किशन अवस्थी, पंकज यादव, दीपेन्द्र अवस्थी, मनीष बाजपेयी सहित दर्जनों पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने हेतु सहयोग का संकल्प लिया।

### जेठ माह में शर्बत वितरण कर राहगीरों को दी राहत


राजधानी मार्ग पर किया गया शर्बत वितरण। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए रविवार को राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टाकीज के सामने जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोशिएसन द्वारा बाबा की पूज-अर्चना कर शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेठ माह की तपती दोपहरी में आयोजित इस कार्यक्रम में राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया गया, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। राह चलते लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली और इस पुनीत कार्य के लिए आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरिओम, शोभित, अश्विनी, उमेश, सागर, गोलू, शैलेंद्र, कुलदीप, रमन, अरविंद, अखिलेश, रेहान, शिवम, शेखर, रितिक और अमन उपस्थित रहे।

### पिकअप से टपक रहा था खून, पुलिस के फूल गए हाथ-पांव

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जलालपुर क्षेत्र में पिकअप वाहन में मांस होने की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मामले की छानबीन किया तो पता चला कि इस वाहन में मांस नहीं है बल्कि कुर्बानी किए गए पशुओं की खाल है, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पंथीपुर गांव के पास की है। बसखारी की तरफ से एक पिकअप वाहन जलालपुर आ रही थी। तभी पंथीपुर गांव के पास पिकअप वाहन का पिछला एक पहिया पंचर हो गया। ड्राइवर ने गाड़ी खड़ी कर दूसरी गाड़ी से भाग निकला। तभी वहां तमाम लोग एकत्रित हो गए। पिकअप वाहन से खून निकलता देख लोगों ने मांस की आशंका जताते हुए जलालपुर कोतवाल को सूचित किया तो कोतवाल मय फोर्स के साथ पहुंच गए। जांच-पड़ताल कर ही रहे थे कि तभी पिकअप चालक भी चक्का बदलने वाला औजार लेकर आ गया। पुलिस को उसने बताया कि मेरा नाम नौशाद है और मैं अलीगंज टांडा का रहने वाला हूं। वहां से चमड़ा लेकर जलालपुर एक मदरसे में जा रहा हूं। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### पत्नी ने चार लोगों के विरुद्ध दी पति की हत्या की तहरीर

**हसनगंज, उन्नाव :** सड़क किनारे बेहोश मिले किसान की मौत के मामले में शनिवार देरशाम पत्नी ने पुलिस को गांव के चार लोगों के विरुद्ध पति को जहर देकर मारने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव शनिवार देरशाम खेत में दफना दिया। बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मटरिया गांव निवासी किसान सर्वेंद्र उर्फ सोनू (40) बेहोशी हालत में पुलिया के पास पड़ा मिला था। पत्नी सुमन ने बताया कि उसका पति गांव के एक युवक के खेत में काम करने गया था। तभी गांव के लल्लू सिंह के आम की बाग में पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें तीन अन्य लोग और शामिल हुए। पत्नी ने आरोप लगाया कि मजदूरी न देनी पड़े इससे चारों ने जहर खिलाकर पति की हत्या कर दी। पीड़िता ने चारों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाने की गुहार लगाई है। परिजनों ने शनिवार देरशाम शव को खेत में दफना दिया। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर दंपति को किया घायल

**सफीपुर उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव में दबंग पिता-पुत्र ने घर में घुसकर दंपत्ति की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घायल दंपति को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पति को गंभीर देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली सफीपुर के परियर गांव के मजरे नयाखेड़ा निवासी संजय की पत्नी सविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीतीरात गांव का कल्लू अपने बेटे सर्वेश के साथ नशे में धुत होकर गलीगलौज करते हुए उसके घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसने का प्रयास किया। दोनों काफी देर तक गालीगलौज करते रहे। जब शोर शांत हुआ तो उसने दरवाजा खोला लेकिन, दरवाजा खुलने की फिराक में खड़े पिता-पुत्र घर में घुस आए और उसके पति को लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पति को बचाने में उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। पीआरवी से मदद की गुहार लगाई लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। दोनों को एम्बुलेंस से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# लोगों ने महाराजा सुहेलदेव को किया याद


महाराजा सुहेलदेव के चित्र पर माल्यार्पण करते संस्था के लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव के लोगों ने सिविल लाइन स्थित संस्था कार्यालय पर विजय दिवस उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे। महाराजा सुहेल देव के चित्र पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया व उनके द्वारा 21 हिन्दू राजाओं को संगठित कर इस्लामिक आक्रांता महमूद गजनवी जो सोमनाथ के लुटेरे के तौर पर कुख्यात था। उसके भांजे सालार मसूद से लड़ने की घटना को ऐतिहासिक प्रेरक व प्रांसगिक बताया।

संस्था के अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने बताया कि हिन्दू समाज को उनसे सीखना चाहिए और राष्ट्र व धर्म विरोधी ताकतों के विरुद्ध एकजुट रहना चाहिए। कहा कि 10 जून सिर्फ एक तारीख नहीं बल्कि यह उस ऐतहासिक विजय की स्मृति है जब भारत माता के सपूत महाराजा सुहेल देव ने बहराइच के रण में विदेशी अक्रांताओं को उनकी औकात दिखा दी थी। यह वह दिन है जब अधर्म, आक्रोश का अंत हुआ था। उनके सामाजिक योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की वीरता आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इस दौरान विनय द्विवेदी, राकेश राजपूत, राघवेंद्र पांडेय एडवोकेट, योगेंद्र तिवारी, महेंद्र निषाद, अनिल सोनी, धर्मेंद्र शुक्ला, शिवसेवक, विष्णु गुप्ता, परिमल मिश्रा, शुभ सोनी, अभिषेक तिवारी, अखिल मिश्रा, मनीष मिश्रा, अजय द्विवेदी, अमूल्य बाजपेई रहे।

### वीर सैनिकों को समर्पित होगा कवि सम्मेलन



कवि सम्मेलन को लेकर तैयार पंपलेट जारी करते संस्था के सदस्य।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अभ्युदय सांस्कृतिक मंच का नौवां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 14 जून को नार्मल स्कूल मैदान में होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध कवि हरिओम पवार सहित अन्य नामचीन कवि काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम को लेकर रविवार को आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष प्रभात सिन्हा ने बताया कि यह कवि सम्मेलन देश के वीर सैनिकों को समर्पित है। इसके स्वागताध्यक्ष हाईकोर्ट अधिवक्ता ओपी तिवारी व स्वागत मंत्री की जिम्मेदारी राम तनेजा को दी गई। कार्यक्रम प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिध प्रवीण मिश्र भानू होंगे। उन्होंने बताया कि देश में ख्यातिलब्ध वीर रस के डॉ. हरि ओम पवार दिल्ली से, आगरा से श्रृंगार की डॉ. रुचि चतुर्वेदी, उन्नाव के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध स्वयं श्रीवास्तव, लखनऊ से हास्य के डॉ. सर्वेश अस्थाना, प्रयागराज से हास्य के अखिलेश द्विवेदी आदि रहेंगे। यहां संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा, संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव, अनुरुद्ध सौरभ, प्रेम सिंह, मधुसूदन शुक्ला, निम्मी अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### खड़े कंटेनर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**हसनगंज उन्नाव:** बनारस से मेरठ जा रहे कंटेनर में अचानक आग लग गई। जिससे उसमें लदा लाखों का स्क्रैप का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हरदोई जिला निवासी देवेश पुत्र रुस्तम कंटेनर में बनारस से कबाड़ का गत्ता लेकर मेरठ जा रहा था। तभी हसनगंज क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ सड़क किनारे एक ढाबे पर कंटेनर खड़ा कर वह नहाने चला गया। इतने में कंटेनर से धुआं निकलते देख ढाबा संचालक ज्ञानेंद्र सिंह ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग ने कबरी 1 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कंटेनर में लदा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि अज्ञात कारणों से कंटेनर में आग लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया है।

# पुलिस ने 34 विवादित जोड़ों को मिलाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र व जिले के सभी थानों में स्थित महिला हेल्पडेस्क में पति-पत्नी के 34 विवादित जोड़ों को बुलाया गया था। इसमें परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग करते हुए उनके विवाद खत्म कराए और उन्हें खुशी-खुशी विदा किया।


साथ रहने को राजी हुए जोड़े के साथ मौजूद पुलिस अधिकारी व कर्मचारी।

इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र से 8, महिला थाना से 6, बांगरमऊ से 5, सोहरामऊ से 4, गंगाघाट, बेहटा मुजावर व औरास से 3-3, माखी व सफीपुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति संजय चौरसिया, स्वास्तिक मिश्रा, साबिहा उमर, मनीष सिंह सेंगर, राजेंद्र सिंह सेंगर, तबस्सुम नफीस, डॉ. अबसार अली, डॉ. सगीर अहमद व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, मिथलेश वर्मा, उपासना गुप्ता, अंजुला, मीनू, प्रीती, संयोगिता, कीर्ती सिंह, अर्चना रानी, शीलू पाल, प्रीती चौहान, श्वेता, नीलम यादव, लक्ष्मी सिंह, पूजा चौधरी, प्रीती तोमर, शंकुतला, नीतू, तरुण रानी, नेहा शुक्ला, सेविका का योगदान रहा।

# चोरों ने मंदिर से पार किये पीतल के घंटे, पुलिस ने की जांच

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में मंदिरों में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में चोरों द्वारा लगातार मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। बीती 18 मई को हसनगंज कस्बे में मुख्य मार्ग किनारे स्थित ठाकुरद्वारे से मूर्तियों के मुकुट चोरी हुए थे। अभी तक पुलिस चोरों तक पहुंच नही पाई थी कि मनबढ़ चोरों ने एक बार फिर एक मंदिर को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर कई किलो पीतल के घंटो पर हाथ साफ कर दिए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के रामपुर अखौली गांव के बाहर मनकामेश्वर मंदिर है। जिसमे कई किलो के पीतल के घंटे बंधे हुए थे। बीती रात चोरों ने मंदिर के घंटे चोरी कर लिए। मंदिर के पुजारी मुन्नीलाल ने बताया कि वह दशकों से मंदिर की देखभाल व पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। बीती शाम मंदिर में ताला डालकर वह घर चले गए थे। सुबह जब पहुंचे मंदिर पहुंचे तो वहां का ताला टूटा हुआ था और घंटे नहीं थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि जानकारी हुई है। जांच चल रही है।

समस्या

करीब 150 घरों की आपूर्ति बाधित होने से भीषण गर्मी के बीच लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी

# ओवरलोड से विष्णुपुरी का ट्रांसफार्मर फुंका, 12 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** विष्णुपुरी मोहल्ले में शनिवार रात ओवरलोड की वजह से 100 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे करीब 150 घरों की बिजली गुल हो गई। गर्मी के बीच लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी।

शनिवार रात करीब 11 बजे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने पर स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। तत्काल कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन रात में मरम्मत सफल नहीं हो सकी। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। रविवार सुबह उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कराया। दिन में करीब 11 बजे ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की गई, जिससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इधर, गांधी नगर स्थित काली मंदिर के पास पालिका की ओर से स्ट्रीट लाइट की केबल उतारने के दौरान बिजली विभाग की कई लाइनें टूट गईं। इसे सुधारने के लिए संबंधित फीडर दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक बंद रखना पड़ा। लगातार खराबी और लाइन कटने से उपभोक्ताओं को कई घंटों तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा। परेशान लोग गर्मी में घरों के बाहर टहलते नजर आए।

### धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर, 300 घरों में आपूर्ति बाधित

**संवाददाता परियर उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर विद्युत उपखंड क्षेत्र के परियर में कॉलेज रोड पर बस्ती के अंदर रखा ट्रांसफार्मर रविवार को अचानक धू-धूकर जल गया। जिससे कई मोहल्लों की सप्लाई ठप हो गई। बीते शनिवार भी एक ट्रांसफार्मर चौराहे पर जल गया था। जो अभी तक बदला नहीं जा सका है। बता दें कि रविवार को स्थानीय कॉलेज रोड पर बस्ती के अंदर रखा ट्रांसफार्मर अचानक धू-धूकर जल गया। जिससे क्षेत्र के करीब 300 परिवार प्रभावित हुए। धीरेंद्र, बसंते, विपिन, दानिश आदि ने बताया कि रात में एक प्राइवेट लाइनमैन दूसरे मोहल्ले की लाइट इस ट्रांसफार्मर से जोड़ रहा था। तभी फाल्ट हो गया। बाद में ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे इस भीषण गर्मी में समस्या उत्पन्न हो गई। एसडीओ एजाज अहमद ने बताया जानकारी हुई है। जल्द ट्रांसफार्मर को बदलकर सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।


ओवरलोडिंग के चलते धू-धूकर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### डीसीए ग्रीन व डीसीए ब्लू के बीच फाइनल आज

**उन्नाव:** जिला क्रिकेट एसो. के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-12 जनपदीय क्रिकेट लीग का फाइनल मैच सोमवार को डीसीए ग्रीन व डीसीए ब्लू के बीच सुबह 7 बजे से खेला जाएगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी एल0आई0सी0 की पॉलिसी नं0- 219431639 में मेरा नाम कलावती दर्ज है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सावित्री दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम कलावती व सावित्री मेरे ही नाम हैं एवं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **सावित्री पत्नी ऊदन निवासिनी ग्राम कोलवा, पोस्ट परियर, तहसील व जिला उन्नाव।**

## एक नजर

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुईं, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। कोविड- 19 संक्रमण के सर्वाधिक केस भी अब तक केरल में ही हैं।

### गंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकांश इलाके एक बार फिर लू की चपेट में हैं। गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

# जनादेश स्वीकार नहीं पा रहे राहुल

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा- आगे की हार का बहाना तैयार कर रहे कांग्रेस नेता

**मुंबई, एजेंसी**



• बोले- खुद करें चिंतन जनता क्यों नहीं जुड़ पा रही है उनके साथ

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।

फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक समाचार पत्र 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को कई अखबारों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर 'पोस्ट' साझा कर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था और यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में दोहराई जाएगी। राहुल के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बार हार स्वीकार कर लेना अधिक विवेकपूर्ण होगा। इस बात पर आत्मचिंतन करने की जरूरत है कि आप कहां गलत हैं, लोगों के साथ आपका जुड़ाव क्यों कम है और आपको इसके बारे में क्या करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए अपने बहाने तैयार कर रहे हैं। भाजपा, शिवसेना और राकांपा से मिलकर बने महायुति ने 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) वाले गठबंधन महाविकास आघाडी को हराकर भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।

### 2014 के बाद से मतदाता वृद्धि के आंकड़े बताए

पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनावों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि पर राहुल की आपत्ति का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि युवा मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, साल 2014 से 2019 के बीच 63 लाख नए मतदाता जुड़े; 2009 से 2014 तक 75 लाख नए मतदाता जुड़े और 2004 से 2009 तक एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इसका मतलब है कि 2024 में कुछ भी असाधारण नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2004 में विधानसभा चुनावों में लोकसभा चुनावों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक मतदान हुआ था।

## असम में बाढ़ से तीन और जान गईं, मृतकों की संख्या 26 हुई

**गुवाहाटी/रंगिया।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को भी सुधार हुआ और प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 2.59 लाख हो गई। वहीं, तीन और लोगों की मौत होने से इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।

ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं दिन में आंशिक रूप से बहाल हो गईं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि 11 जिलों के 32 राजस्व क्षेत्र और 741 गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 2,59,093 है, जिसमें बराक घाटी के तीन जिले श्रीभूमि (1,62,108), हैलाकांडी (51,663) और कछार (36,271) सर्वाधिक प्रभावित हैं।

# मणिपुर के लोगों के लिए प्रधानमंत्री असंवेदनशील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• जयराम रमेश ने कहा- चौंकाने वाली है पीएम की ये असंवेदनशीलता

कांग्रेस ने मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं फिर से सामने आने के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के लोगों का दर्द, पीड़ा और लाचारी अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि पिछले 24 घंटे में राज्य के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर फिर से हिंसा की चपेट में आ चुके हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए रमेश ने दावा किया, फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अकेले अपने दम पर बहुमत हासिल किया। लेकिन उस जनादेश के 15 महीने बाद तीन मई 2023 की रात से मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया गया।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों निर्दोष पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गये। हजारों लोग विस्थापित हो गए। पूजा स्थलों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चार जून 2023 को तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। उन्होंने कहा कि आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए बार-बार समयसीमा बढ़ाई गई है और उसे दी गई अंतिम समयसीमा 20 नवंबर 2025 है। रमेश ने कहा कि एक अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि राज्य में पिछले दो महीनों से संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

# दिल्ली: सूटकेस में मिला नौ वर्षीय बच्ची का शव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप, लोगों ने घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच की जा रही है।

नेहरू विहार निवासी बच्ची के पिता ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी समय तक घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदार से पता चला कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और लौट गई। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी। जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बताया, उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। वह उसे उसे शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### छातेन में फंसे 28 लोगों और 20 सैन्यकर्मियों को निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के छातेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट जाने से फंसे 28 लोगों और 20 सैन्य कर्मियों को रविवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर ने पहली बार में छातेन से 28 नागरिकों को बाहर निकाला, दूसरी बार में 20 सैन्यकर्मियों को पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतारा गया। एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने छातेन में तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए आवश्यक आपूर्ति भी पहुंचाई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की और तीन नाबालिगों सहित 28 आम लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4 .74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## 26 रियल्टी कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति बेची

**नई दिल्ली।** भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड 2024-25 के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप), प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स और सिग्नेचर ग्लोबल हैं। निवेशकों की प्रस्तुतियों और शेयर बाजार से जुटाए आंकड़ों के अनुसार, 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में 20% से अधिक वृद्धि के साथ 1,61,722 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग या बिक्री बुकिंग की सूचना दी।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

## रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

## छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। ● एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### निधीश ने टीएनपीएल में स्पार्टन्स को पैंथर्स पर जीत दिलाई

**कोयंबटूर :** निधीश राजगोपाल के अर्धशतक की बदौलत एसकेएम सलेम स्पार्टन्स ने रविवार को यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में सीचैम मदुरै पैंथर्स को छह विकेट से हरा दिया। स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को छह विकेट पर 164 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज एम मोहम्मद ने स्पार्टन्स की ओर से 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में स्पार्टन्स ने निधीश (60 रन, 41 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और आर केविन (नाबाद 48, 39 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 167 रन बनाकर जीत दर्ज की। पैंथर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ियों मुरुगन अश्विन और गुरजपनीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी।



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। ● एजेंसी

# रिंकू सिंह संग सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** मशहूर क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज ने राजधानी में रविवार को रिंग सेरेमनी कर, उठने वाले कयासों पर विराम लगा दिया। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। एकसाथ हाथ ऊपर उठाकर अतिथियों की बधाई ली और जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सांसद डिंपल यादव समेत अन्य गणमान्य नेताओं ने स्टेज पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। लखनऊ के सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं, जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार सदस्यों के साथ की अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ। बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव,सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था। इस दौरान सिक्योरिटी के भी खास इंतजाम थे।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। ● एजेंसी

# इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

## फ्रेंच ओपन : पुरुष युगल के चैंपियन बने ग्रैनोलर्स-जेबालोस, जूनियर खिताब टैगर और मैकडोनाल्ड ने जीता

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्द्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।



विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। ● एजेंसी



स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस ट्राफी के साथ। ● एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

**म्यूनिख विश्व कप**

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान आराम फरमाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

## भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

**एफआईएच प्रो लीग**

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

ताइपे सिटी, एजेंसी

● **विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता**

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

नई दिल्ली, एजेंसी

● **पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर**



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4 .5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन , अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध व आतंक होगा प्रमुख मुद्दा

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ करेंगे वार्ता



नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को पुनः पुष्ट किया जा सके। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जयशंकर मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले मेडिटरेनीयन रायसीना डायलॉग के पहले संस्करण में भी भाग लेंगे। जयशंकर ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष काजा कलास से रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ साल में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है तथा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा से इसे और बढ़ावा मिला है। थिंक टैंक व मीडिया से बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में विदेश मंत्री बेल्जियम के नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है।, या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।





## बचाव के आसान उपाय

- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

## इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

## ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट



- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।

## एक नजर

### अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बराक घाटी के दो जिलों कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में पांच अवैध वध स्थल पाए गए।

### पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार को 2320 बजे पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था, जिसे शुरू में 47.83 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 116.02 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया था।

### अमेरिका में लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीज़ा समाप्त होने के कारण हाल ही में हिरासत ले लिया। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आइसीई) ने यूनिसेफ गुडविल राजदूत एवं लगभग 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स वाले लोकप्रिय टिकटॉकर को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था।

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। 'हिमालयन टाइम्स' में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गार्ड्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी



अमेरिका में लॉस एंजेलिस में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते सुरक्षाबल के जवान।

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

## कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी, गंभीर

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में शनिवार को एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में खून से लथपथ उरीबे को कई लोगों द्वारा पकड़े देखा जा सकता है। संभवत: उनके सिर पर चोट आई है। अभी तक सीनेटर की हालत के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बोगोटा के मेयर कार्लोस गैलन ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है लेकिन संघीय सरकार ने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

## यूक्रेन पर सैनिकों के शवों को सौंपने में देरी करने का आरोप

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

रूस की सरकारी मीडिया ने रूसी वार्ताकार समूह के प्रतिनिधि लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर जोरिन के हवाले से कहा कि रूस ने सीमा पर विनिमय स्थल पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिकों के 1,212 शवों को पहुंचा दिया है और यूक्रेनी अधिकारियों से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। जोरिन ने कहा कि ऐसे संकेत मिले हैं कि शवों को सौंपने की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक स्थगित कर दी जाएगी। रूस और यूक्रेन ने शनिवार को एक-दूसरे पर युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली की योजना को खतरे में डालने का आरोप लगाया, जिस पर सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने की वार्ता के दौरान सहमति बनी थी। हालांकि, इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई थी। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि कीव ने शवों को सौंपने की प्रक्रिया को अंतिम समय में रोक दिया।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

- समुद्र के रास्ते नाव से निकली जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता

तेल अवीव, एजेंसी



इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 5 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

## रिवर राफ्टिंग




गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी

## परमाणु केंद्रों के निरीक्षण को ईरान तैयार, दबाव स्वीकार नहीं : राष्ट्रपति

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने शनिवार को कहा कि उनका देश अपने परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह के दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। पेज़ेश्कियान ने यह बात कज़ाखस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुरात नुर्तलेउ से तेहरान में मुलाक़ात के दौरान कही।

यह टिप्पणी ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ताओं के संदर्भ में की गई, जिसकी जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियाँ पूरी तरह पारदर्शी हैं और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इसकी कई बार पुष्टि की है। कहा, हम निरीक्षण के लिए तैयार हैं, लेकिन ज्ञान, तकनीक और वैज्ञानिक उपलब्धियों से किसी देश को वंचित करना हमें स्वीकार नहीं है।

**दीदार** जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

## घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

## भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



वेटिकन सिटी, एजेंसी

कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।